डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-8

सिनेमाः-शीजान के परिवार ने तुनिषा की मां पर लगाए गंभीर आरोप कहा- 'बेटी पर थोपे अपने सपने'

वर्ष -08 अंक -263 | प्रयागराज, मंगलवार, 10 जनवरी, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका में निदेशक बनाए गए भारतीय मूल के स्वपन धैर्यवान

ह्यूस्टन। अमेरिकी राज्य टेक्सास में फोर्ट बेंड टोल रोड अथॉरिटी और ग्रैंड पार्कवे टोल रोड अथॉरिटी के निदेशक मंडल में एक भारतीय मूल के व्यक्ति को नियुक्त किया गया है। अपनी पृष्ठभूमि, सामुदाय में अपनी पहुंच और वित्तीय विशेषज्ञता के



आधार पर 57 साल के स्वपन धैर्यवान को पिछले सप्ताह नियुक्त किया गया था। प्रीसिंक्ट 3 कमिश्नर एंडी मेयर्स ने कहा, ''मुझे ग्रैंड पार्कवे टोलवे निदेशक मंडल में धैर्यवान को नियुक्त करने पर गर्व है। वो सर्टिफाइड पब्लिक एकाउंटेंट हैं और लोगों के धन के अच्छे प्रबंधक होने के महत्व को समझते हैं।'' स्वायत्त निकाय के निदेशक के रूप में धैर्यवान काउंटी के रखरखाव, विस्तार, बजट और आर्थिक प्रभाव की देखरेख करेंगे। इस मौके पर धैर्यवान ने कहा, ''फोर्ट बेंड कमिश्नर कोर्ट में इस पद के लिए मुझे नामांकित करने के लिए कमिश्नर एंडी मेयर्स का आभारी हूं। मैं आकर्षक नतीजों के लिए काम करने के लिए उत्सुक हूं। टोलवे ना केवल लोगों को जोड़ते हैं, बल्कि वो पड़ोस के लिए एक आर्थिक इंजन हैं, जो बहुतायत से समृद्ध होते हैं।'' धैर्यवान को पिछले साल भारत के स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ समारोह के दौरान ह्यूस्टन के इंडिया कल्चर सेंटर द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

## त्रिपुरा विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने कसी कमर, सीएम हिमंता ने वोटरों से की बड़ी अपील

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अगरतला।** त्रिपुर में बीजेपी की सरकार में शांति कायम रहने का हवाला देते हुए असम के मुख्यमंत्री को पहले हत्या और दुष्कर्म के लिए जाना जाता था लेकिन अब यहां शांति है। उन रक्तपात वाले दिनों को वापस ना आने दें। एनईडीए (नार्थ में आती है तो विकास की य गाड़ी इसी रफ्तार से चलती रहेगी। मुख्यमंत्री मानिक शाह और पूर्व मुख्यमंत्री बिपल्व कुमार देव की



हिमंता बिस्वा शर्मा ने मतदाताओं से अपील की है कि वो इस पूर्वोत्तर राज्य में रक्तपात के दिनों को वापस ना आने दें। सोमवार को गोमती जिले के किल्ला इलाके में जन विश्वास रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बीजेपी की सरकार में विकास की गति 100 किलामीटर प्रति घंटे के हिसाब से जारी है शर्मा ने कहा कि त्रिपुरा ईस्ट डेमोक्रेटिक एलायंस) के संयोजक के तौर पर उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बीजेपी शासन में त्रिपुरा में विकास हुआ है। बीजेपी ने जो काम पांच साल में किया है वो लेफ्ट फ्रंट अपने पूरे कार्यकाल में नहीं कर पाया था। हिमंता बिस्वा शर्मा ने लोगों से अपील की कि बीजेपी को आशीर्वाद दें। शर्मा ने कहा यदि पार्टी वापस सत्ता उपलब्धियों के संबंध में उन्होंने राज्य में नेशलन लॉ यूनिवर्सिटी और नेशनल फॉरेंसिंक साइंस यूनिवर्सिटी के अलावा 10 नए डिग्री कॉलेजों की स्थापना का जिक्र किया। उन्होंने राज्य में सरकारी कर्मचारियों को 20 प्रतिशत डीए दिए जाने और सामाजिक पेंशन को 2000 रुपए प्रतिमाह बढ़ाए जाने की बात कही। इस साल 60 सदस्यों वाली त्रिपुरा विधानसभा के लिए चुनाव होने हैं।

## बीजेपी पर हमला करते हुए असदुद्दीन ओवैसी बोले

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पिछले साल एक टीवी डिबेट के दौरान पैगंबर मोहम्मद पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाली बीजेपी की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा को लेकर सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने एक बयान दिया है। समाचार एजेंसी के मुताबिक, एआइएमआइएम के नेता ओवैसी ने कहा कि अगर आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में नूपुर शर्मा दिल्ली से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ती हैं, तो यह आश्चर्य की बात नहीं होनी चाहिए। बता दें कि जून 2022 में एक समाचार चैनल पर एक बहस के दौरान पैगंबर मोहम्मद पर उनकी टिप्पणी के लिए भाजपा ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया था। बता दें कि नूपुर शर्मा के विवादित बयान की आलोचना कई इस्लामिक देशों ने की थी। नुपूर शर्मा के बयान की वजह से देश में कई जगहों पर हिंसक घटनाएं भी घटी। राजस्थान के उदयपुर में नुपुर शर्मा का समर्थन करने पर एक व्यक्ति की गला काटकर हत्या कर दी गई। हत्या से कुछ दिन पहले मृतक कन्हैयालाल ने सोशल मीडिया पर नुपूर शर्मा के समर्थन में एक पोस्ट शेयर की थी। इसके अलावा, 21 जून, 2022 को महाराष्ट्र के अमरावती में मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने कोल्हे, जिन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए नुपूर शर्मा का समर्थन किया था, उनका भी गला रेतकर हत्या कर दिया गया।



## 450 हेक्टेयर वन भूमि को खाली कराने का अभियान शुरू, पिछले तीन दशकों से था अवैध कब्जा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखीमपुर ।** असम के लखीमपुर जिले में 450 हेक्टेयर वन भूमि (इद्दीूर्थेह्) को अवैध कब्जे से मुक्त करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार मंगलवार को इस अभियान की शुरुआत की गई। उनके अनुसार 2560.25 हेक्टेयर संरक्षित वन में से सिर्फ 29 हेक्टेयर भूमि ऐसी है जो अतिक्रमण मुक्त है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पावो संरक्षित वन के अंतर्गत आने वाली इस 450 हेक्टेयर भूमि को खाली करवाने में 500 परिवार प्रभावित होंगे। मंगलवार से शुरू हुए पहले चरण में 200 हेक्टेयर भूमि खाली करवाने का लक्ष्य रखा गया है। लखीमपूर एडिशनल सुप्रिटेंडेंट ऑफ पुलिस रूना निओग ने बताया कि 60 से अधिक एक्सेवेटर्स और ट्रेक्टर्स के साथ 600 सुरक्षाकर्मी सुबह से इस काम में लगे हुए हैं। अभियान सुबह से शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है। अभी तक हमें किसी भी प्रकार के विरोध का सामना नहीं करना पड़ा है। उम्मीद है कि



अभियान बिना किसी रुकावट के पूरा हो जाएगा। सुरक्षाबल पिछले कुछ दिनों से इलाके पर नजर रख रहे थे और अवैध कब्जेदारों से उनके घर खाली करने के लिए कह दिया गया था। अधिकारिक सूत्रों की मानें तो मोघुली गांव की 200 हेक्टेयर जमीन मंगलवार को खाली करवा ली जाएगी। इस इलाके में 299 परिवार रहते हैं। इसके अतिरिक्त आधासोना गांव की 250 हेक्टेयर जमीन को मंगलवार शाम या बुधवार को खाली करवाया जाएगा। नोटिस मिलने के बाद अधिकतर लोगों ने घर खाली कर दिए हैं। डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर अशोक कुमार देव चौधरी ने बताया कि 701 परिवारों ने पिछले तीन दशकों से पावो संरक्षित वन क्षेत्र पर अतिक्रमण कर रखा था। इन अवैध कब्जेदारों में राज्य के विभिन्न इलाकों के साथ ही ऐसे स्थानीय लोग भी हैं जो बाढ़ या भूस्खलन के कारण अपना स्थान छोड़कर यहां आ गए हैं। उन्होंने बताया कि लोगों ने पहले भूमि के मालिकाना हक संबंधी दस्तावेज पेश किए थे जिन्हें वर्तमान सरकार ने खारिज कर दिया था। गांव वालों का आरोप है कि पावो संरक्षित वन की सीमा में 2017 के बाद से बार-बार मनचाहा बदलाव किया गया है। डिस्ट्रिक्ट डिप्टी कमिश्नर सुमित सत्तावन कहते हैं कि अतिक्रमण वाले इलाके में रहने वाले लोगों को वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की तरफ से दो साल पहले इलाका खाली करने के लिए नोटिस दिया गया था।

## क्या प्रशांत किशोर लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** राजनीतिक रणनीतिकार से कार्यकर्ता बने प्रशांत किशोर, जो वर्तमान में बिहार में पदयात्रा पर हैं, अभी तक इस



बारे में एक निश्चित दावा करने से कतराते रहे हैं कि वह या उनका संगठन चुनाव लड़ेगा या नहीं। हालांकि, उनके समर्थकों के बीच एक जनमत सर्वेक्षण के परिणाम, जिनमें से 95 प्रतिशत से अधिक ने एक जिले में 2024 के लोकसभा चुनावों में भागीदारी का समर्थन किया, ने इस विचार को मजबूत किया है कि किशोर राजनीतिक कदम उठा सकते हैं जैसा कि उन्होंने अक्सर कहा है अभियान के प्रतिभागियों का इस मुद्दे पर अंतिम कहना होगा। आयोजकों ने कहा कि जन सुराज पदयात्रा के अनुयायियों के बीच रविवार को पहला मतदान आयोजित किया गया कि क्या संगठन को संसदीय चुनाव लड़ना चाहिए। इस मतदान के प्रतिभागी वे लोग थे, जो पूर्वी चंपारण जिले में अभ्यास में शामिल हुए थे। पिछले नवंबर में पश्चिम चंपारण जिले में अनुयायियों के बीच एक सर्वेक्षण कराया गया था कि क्या अभियान को एक राजनीतिक दल का रूप लेना चाहिए।

## भाजपा ने 'आप' को बताया देश की सबसे भ्रष्ट पार्टी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** तीन साल की सजा पा चुके विधायक बलवीर सिंह को पंजाब में मंत्री बनाए जाने को लेकर भाजपा ने आम आदमी पार्टी (आप) महिला के साथ बदसलूकी करने के आरोप में सजा पाए बलवीर सिंह को मंत्री बना रही है। भाजपा प्रवक्ता के अनुसार, देश यह जानना चाहता है कि बलवीर सिंह को कितने पैसे



पर जोरदार हमला बोला है। भाजपा ने आप पर देश की सबसे भ्रष्ट पार्टी होने का आरोप लगाते हुए पैसे लेकर मंत्री बनाने का आरोप लगाया है। भाजपा के प्रवक्ता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा का दावा करने वाली आप ने पंजाब में लेकर मंत्री बनाया गया है। उन्होंने कहा कि आप सरकार में मंत्री बनने के लिए भ्रष्ट होना सबसे बड़ा मापदंड बन गया है, जिनके इस्तीफे के बाद बलवीर सिंह को मंत्री बनाया गया, वह फौजा सिंह सरारी रिश्वत मांगने के आरोप में घिरा है और कई महीने से उसका ऑडियो मीडिया में घूम रहा है।

## इरोड जिला महिला कोर्ट ने 4 लोगों की हत्या के 2 आरोपियों को सुनाई उम्रकैद की सजा, एक छात्र भी शामिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**इरोड।** तमिलनाडु की इरोड जिला महिला अदालत ने चार लोगों की हत्या के आरोप में दो लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, जिनमें से एक कॉलेज छात्र है। अभियोजक के अनुसार, करुप्पन्नन (70), उनकी दूसरी पत्नी मल्लिका (55) और उनकी बेटी दीपा (28) और खेत मजदूर कुप्पम्मल (70) काम में लगे हुए थे। इसी दौरान छात्र आए और उन्होंने चारों को बताया कि वे स्वास्थ्य विभाग से है और उनका कोविड-19 परीक्षण करना चाहते हैं। छात्रों की बात सुनकर करुप्पन्नन कोविड टेस्ट कराने पर सहमत हो गए। उनकी सहमति के बाद दोनों ने उन्हें टैबलेट दे दी। करुप्पन्नन, उनकी पत्नी-बेटी और मजदूर ने गोलियां खा लीं, जिसके बाद वे चारों बेहोश हो गए। बाद में अस्पताल में उनकी मौत हो गई। घटना 2021 में चेन्नामलाई के पास हुई थी। पुलिस ने कहा कि उन्होंने संदिग्ध मौत का मामला दर्ज किया है। जांच के दौरान उन्हें पता चला कि हत्या के पीछे पुरानी दुश्मनी थी। छात्र को किसी अन्य व्यक्ति ने हत्या के लिए भेजा था।दोनों दोषियों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।



## कर्नाटक में निर्माणाधीन मेट्रो पिलर गिरा, महिला और बेटी की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में मंगलवार को भीषण



हादसा हो गया। यहां के आउटर रिंग रोड में निर्माणाधीन मेट्रो का पिलर गिरने एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई। बताया जाता है कि बेंगलुरु के नागवारा इलाके के पास मंगलवार सुबह एक निर्माणाधीन मेट्रो खंभा गिर गया। इससे क्षेत्र में यातायात प्रभावित हुआ। लोग गिरे हुए खंभे को हटाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि यातायात सुगम हो सके। मीडिया रिपोर्टो के मुताबिक, महिला और उसकी बेटी दोनों बाइक पर सवार थे। इसी दौरान आउटर रिंग रोड पर पिलर उनके ऊपर गिर गया, जिससे दोनों की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक, हादसे के तुरंत बाद घटनास्थल की ओर दमकल और आपातकालीन कर्मियों को रवाना कर दिया गया। बीएमआरसी यानी बेंगलुरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के इंजीनियर भी मौके पर मौजूद हैं।

## गुवाहाटी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने जस्टिस कोटिश्वर सिंह, आरएम छाया की लेंगे जगह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह को गुवाहाटी का नया मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। नियुक्त किया है। जस्टिस कोटिश्वर सिंह 12 जनवरी 2023 से जिम्मेदारी निभाएंगे।जस्टिस कोटिश्वर सिंह का जन्म 1 मार्च 1963 को इंफाल




कानून मंत्रालय के न्याय विभाग ने एक अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में कहा गया कि जस्टिस कोटिश्वर सिंह 12 जनवरी से अपना कार्यभार संभालेंगे। गुवाहाटी हाईकोर्ट के मौजूदा मुख्य न्यायाधीश रश्मिन मनहरभाई छाया 11 जनवरी को रिटायर हो रहे हैं। अधिसूचना में कहा गया, ठभारत के संविधान के अनुच्छेद 223 द्वारा मिली शक्ति का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति ने मुख्य न्यायाधीश के कार्यालय के कर्तव्यों का पालन करने के लिए जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह को गुवाहाटी हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश में हुआ था। उनके पिता स्वर्गीय इबोतोंबी सिंह गुवाहाटी हाईकोर्ट के जज रह चुके हैं। पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ में स्कूली शिक्षा और सेंट एंथोनी कॉलेज, शिलांग से विज्ञान में प्री यूनिवर्सिटी कोर्स पूरा करने के बाद उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी के किरोड़ीमल कॉलेज से राजनीति विज्ञान में बीए ऑनर्स की डिग्री ली। इसके तीन साल बाद 1986 में उन्होंने कैंपस लॉ सेंटर, दिल्ली यूनिवर्सिटी से एलएलबी की डिग्री प्राप्त की।

## उद्धव ठाकरे व एकनाथ शिंदे की याचिकाओं पर एससी में 14 फरवरी को होगी सुनवाइ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के राजनीतिक संकट के संबंध में उद्धव ठाकरे और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच दायर याचिकाओं पर सुनवाई के लिए अगली तारीख 14 फरवरी तय की है बता दें कि सुप्रीम कोर्ट 14 फरवरी से महाराष्ट्र के राजनीतिक संकट के संबंध में दायर याचिकाओं पर दलीलें सुनेहा। जानकारी के अनुसार, इस मामले की सुनवाई सात जजों की बेंच या फिर पांच जजों की बेंच करेगी। महाराष्ट्र में हुई राजनीतिक संकट पर शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के सांसद संजय राउत ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के मामले में 14 फरवरी से सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ इस पर सुनवाई शुरू करेगी। निर्णय होने तक इस पर सुनवाई जारी रहेगी उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग ने बीते 10 अक्टूबर को शिवसेना के उद्धव और शिंदे गुट को चुनाव निशान आवंटित किया था।

## राजनाथ सिंह करेंगे राजौरी का दौरा दिल्ली में रक्षा मंत्री से मिले जम्मू-कश्मीर बीजेपी के नेता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जल्द ही जम्मू-कश्मीर के राजौरी का दौरा कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि राजनाथ सिंह का ये दौरा गणतंत्र दिवस के बाद हो सकता है। जम्मू-कश्मीर के भाजपा नेताओं ने मंगलवार सुबह दिल्ली में राजनाथ सिंह से मुलाकात की है। भाजपा नेताओं ने मुलाकात के दौरान राजौरी में सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करने की मांग की है। ऐसे में राजनाथ सिंह हालात का जायजा लेने वहां जा सकते हैं बता दें कि हाल ही में राजौरी के डांगरी गांव में आतंकियों ने हिंदू परिवारों पर हमला किया था। आतंकियों की अंधाधुंध फायरिंग में कई लोग मारे गए थे। हमले में कई लोग बुरी तरह घायल भी हुए थे हमले में शामिल दो आतंकी ढेर इस हमले में शामिल दो आतंकियों को सुरक्षाबलों ने बालाकोट में ढेर कर दिया था। बाकी आतंकियों की अभी तलाश की जा रही है। आशंका है कि आतंकियों को स्थानीय लोगों का समर्थन मिल रहा है।डांगरी में आतंकी हमलों के बाद राजौरी के डन्नीधार और पुंछ जिले के भेंज गांव में हिंदुओं के घरों पर पथराव हुआ है। पथराव से दो घरों की खिड़कियों के शीशे टूट गए। पत्थरबाजी के बाद गांव के लोग दहशत में हैं। लोगों ने पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। पुलिस की ओर से घटना में उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया गया है।



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास कार्यो के 37 बिंदुओं के प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं-जिलाधिकारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में विकास प्राथमिकता वाले 37 बिंदुओं



की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने जल निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए कराये गये कार्यों का टीम गठित कर सत्यापन कराये जाने का निर्देश दिया है। पेंशन योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को पेंशनरों का सत्यापन कराते हुए पेंशन का भुगतान किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने बनाये गये शौचालयों के निर्माण की गुणवत्ता का सत्यापन कराने तथा पात्र लाभार्थियों को शौचालय दिए जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता सिंचाई नहर प्रखण्ड को रोस्टर के अनुसार निर्धारित समय पर नहरों में टेल तक पानी पहुंचाये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है जिलाधिकारी ने डीसी मनरेगा को स्मृति वाटिका में मियावाकी कराके ही और वृक्षारोपण कराये जाने के लिए कहा है। कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सोलर पम्पों के आवंटन एवं उसके सर्विश स्टेशन के संचालन के बारे में जानकारी लेते हुए और सर्विश स्टेशन बढ़ाये जाने के लिए उप निदेशक कृषि को निर्देशित किया है। पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निराश्रित गोवंशो के टीकाकरण का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने का निर्देश मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को दिया है। उन्होंने छुट्टा घूमने वाले गोवंशों को अनिवार्य रूप से गोसंरक्षण केन्द्रों में संरक्षित किए जाने के निर्देश दिए है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत योजना के तहत कितने लोगो को लाभान्वित कराया जा चुका है, इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा है। उन्होंने हेल्थ एण्ड वेयरनेस सेंटर के निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने अस्पतालों में दवाओं, चिकित्सकों एवं एम्बुलेंस की स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए निरंतर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने सामुदायिक शौचालय के निर्माण कार्यों को खण्ड विकास अधिकारी से सत्यापन कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों को शीघ्रता से पूर्ण किए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। बैठक में जिलाधिकारी ने पाइप पेयजल योजनाओं, खाद्यय सुरक्षा, सामूहिक विवाह, कन्या सुमंगला योजना, पेंशन योजनाओं एवं ओ0डी0ओ0पी0 में किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी ढंग से लक्ष्य के सापेक्ष कराये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, ज्वाइंट मजिस्टेट श्री सार्थक अग्रवाल, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी जितेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज लालगोपालगंज नवाबगंज थाना अंतर्गत बिजली पुर निवासी



अशोक कुमार त्रिपाठी 45 वर्ष लोगो के अनुसार प्रतापगढ़ में भूमि विकास बैंक के संविदा कर्मचारी थे सोमवार को अपने घर बरगदहा बिजली पुर से प्रतापगढ़ जा रहे थे रास्ते मे बिहार बाज़ार में सड़क हादसा होने से सड़क पर गिर गए तभी राहगीरों के द्वारा तत्काल नजदीकी हॉस्पिटल ले गए जहाँ पर डॉक्टरों ने सी एच सी रेफर कर दिया परिवार के लोगो ने पहुच कर अशोक कुमार त्रिपाठी को प्रयागराज किसी प्राईवेट हॉस्पिटल ले गए जहाँ इलाज के दौरान अशोक कुमार की मृत्यु हो गई जिनका अंतिम संस्कार मंगलवार को सृंगवेर पुर में होगा अशोक कुमार त्रिपाठी के पत्नी एक पुत्र एक पुत्री और पिता त्रियोगी नारायण त्रिपाठी जी का रो रो कर बुरा हाल है।

# फैशन मॉडल प्रीति पांडे है फिटनेस आइकन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** फिटनेस फैशन मॉडल प्रीति पांडे की अलग पहचान है। वह एक मॉडल होने के साथ-साथ एक फैशन इनफ्लुएंसर भी है। इंडिया लाइव टीवी से बातचीत में उन्होंने बताया कि मेरी पूरी कोशिश रहती है कि मैं हमेशा नए आयामों के हिसाब से काम करती रहूं। इंडस्ट्री में मौके तो बहुत है लेकिन सही समय पर किया हुआ सही काम आपको एक अलग ही मंच देता है। अगर आप भी अपने आप को फिट नहीं रख पा रही हैं। तो प्रीति पांडे को फॉलो करके अपने जीवन में कई बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं।



# महेवा नगरी मैं जुगा भाई क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** जिसकी अध्यक्षता कर रहे कल्याण कुमार भारतीय प्रधान व आरती भारतीय का नेतृत्व।यह टूर्नामेंट करवाने की प्रेरणा देने वाले किया गया मंच में। फिर उन्ही के हाथों से ट्रॉफी देकर मैन ऑफ़ द मैच खिलाड़ियों को बड़ी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।साथ ही दोनों टीम के खिलाड़ियों को भी ट्रॉफी कुमार भारतीय ग्राम प्रधान, ध्रुव नारायण निषाद, आशीष द्विवेदी, सतीश निषाद, पंडित विनोद दुबे, फूलचंद निषाद, गिरधारी निषाद, हित यादव वरिष्ठ नागरिक एवं युवा



जुग्गा भाई पेंटर ठेकेदार आज लगभग 23 वर्षों से लगातार खेलों का आयोजन करवाते आ रहे हैं। वही इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय गणेश केसरवानी महानगर अध्यक्ष जी को कल्याण कुमार भारतीय द्वारा मुख्य अतिथि को माल्यार्पण कर स्वागत व अभिनंदन और गिफ्ट पैक देकर सम्मानित किया गया। वही कैप्टन विनीत की टीम महाकाल टीम को हराकर 25 रनों से विनीत इलेवन टीम ने टूर्नामेंट जीतकर परचम का झंडा लहराया कैप्टन रुपेश मैदान में विजय हासिल किया। वही कार्यक्रम में सहयोगी साथियों में कल्याण साथी मौजूद होकर सेवा प्रदान करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया साथ ही हजारों की संख्या में जनता मौजूद रहकर टूर्नामेंट का आनंद लेती रही बहुत ही सराहनीय कार्य रहा कल्याण कुमार भारतीया की तरफ से सभी को शुभकामनाएं दिया गया।

# शहीद राजबहादुर को दी गई श्रद्धांजलि,वीरांगना मुरला देवी की प्रतिमा का हुआ अनावरण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** विकास खंड लक्ष्मणपुर की ग्राम पंचायत बरापुर भीख,सराय रानी में 1962 के भारत-चीन युद्ध के अमर शहीद



राज बहादुर यादव को उनके शहादत दिवस पर हार्दिक श्रद्धांजलि दी गई तथा उनकी की धर्मपत्नी वीरांगना मुरला देवी की मूर्ति का अनावरण किया गया। शहीद के पुत्री मालती यादव सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या राजकीय इंटर कॉलेज तथा पुत्र टी0पी0 यादव सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रबंधक बैंक के संयोजन में शहीद के शहादत दिवस पर एक भव्य श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन शहीद स्मारक बरापुर भीख,सराय रानी में किया गया।इस अवसर पर 2 वर्ष पूर्व गोलोकवासी शहीद की पत्नी मुरला देवी की मूर्ति का अनावरण भी किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त सैनिक बी0डी0सिंह,मथुरा प्रसाद यादव प्रधान बासूपुर,डी0पी0 यादव शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक,कमला यादव,साबिर अली प्रधान पतुलकी,हरी लाल यादव,शहीद के पौत्र द्वय अभिषेक सिंह यादव एवं विवेक सिंह यादव,संजय यादव,अब्दुल समद,लाल मणि यादव सहित बहुत सारे लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और विचार व्यक्त किए। राष्ट्रीय कवि डॉ0रणजीत सिंह ने शहीद राजबहादुर पर लिखी कविता द्वारा उन्हें काव्यांजलि अर्पित की।उनका आयोजन समिति द्वारा सारस्वत सम्मान किया गया।समारोह का संचालन पूर्व उप निरीक्षक उत्तर प्रदेश पुलिस राजेंद्र यादव ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी राम कुमार यादव ने शहीद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।मुख्य अतिथि के रुप में आमंत्रित क्षेत्रीय विधायक जीत लाल पटेल 12बजे दोपहर से शुरू हुए समारोह में 2 बजे अपराह्न तक नहीं पहुँच सके थे। समारोह का संचालन सेवानिवृत्त उप निरीक्षक उत्तर प्रदेश पुलिस राजेंद्र यादव ने किया।

# माघ मेला जमीन का भूमि पूजन कर शिविर का शुभारंभ किया गया



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी प्रयागराज का माघ मेले में संकट मोचन मार्ग दक्षिणी पटरी पर दिनांक-08.01.2023 को माघ मेला जमीन का भूमि पूजन कर शिविर का शुभारंभ किया गया मां गंगा स्वच्छता अभियान के तहत माघ मेले में भी सेवाभाव को संकल्पित सरस्वती परिवार ने अपने स्वयंसेवकों के साथ स्वच्छता रूपी एक सराहनीय कदम बढ़ाया है। कार्यक्रम में सर्वश्री संतोष तिवारी, कुंवर जी तिवारी, मनीष पांडेय, सुनील मिश्रा, धीरज यादव, महिला मोर्चा सुनीता द्विवेदी, महेश प्रसाद केसरवानी, सहदेव चौरसिया, संदीप कुमार सिंह, सुनील कुमार कुशवाहा,ऋषि दीक्षित, आत्म प्रकाश यादव, ओम प्रकाश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# मेला पुलिस का सराहनीय कार्य,गुमशुदा बच्चे को उनके परिजनो से मिलाया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** माघ मेला 2023 में त्रिवेणी की धारा में डुबकी लगाने प्रतिदिन काफी संख्या में श्रद्धालु माघ मेला आते है और गंगा स्नान करके हनुमान जी का दर्शन करते हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में समुचित पुलिस प्रबंध किए गए है और पुलिस बल के द्वारा श्रद्धालुओ/स्नानार्थियो के जान माल की सुरक्षा हेतु निरंतर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है।माघ मेला में इसी दौरान दिनांक 08.01.2023 को जितेंद्र सोनी पुत्र बद्री सोनी निवासी ग्राम हनुमना थाना हनुमना रीवा मध्य प्रदेश सुबह 7 बजे अपनी माता किशोरी सोनी के साथ संगम स्नान के लिए जा रहे थे कि त्रिवेणी मार्ग संगम लोवर चौराहे के पास अपनी माता से अचानक बिछड़ गए,किशोरी सोनी द्वारा अपने पुत्र की काफी खोजबीन के बाद निराश होकर आस पास के व्यक्तियो से पूछ पूछ कर थाना झूंसी माघ मेला पहुंचकर सूचना दी जाती हैं उक्त सूचना को तुरंत संज्ञान में लेकर थाना प्रभारी ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया और पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से एनाऊंस कराया गया। आस पास ही भटक रहे जितेंद्र को जब पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से बार बार अपने नाम की आवाज सुनाई पड़ रही थी तो व्याकुल होकर आस पास देखने पर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के पास पहुंच कर अपनी बात बताई,जितेंद की बात को सुनकर उसे संज्ञान में लेते हुऐ ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी ने जितेंद्र को साथ में लेकर उसे थाना झूंसी पहुंचाया। जहां जितेंद्र अपनी मां को देखकर भावुक हो गया और मां अपने पुत्र को पाकर गदगद हो गई। प्रभारी झूंसी के अथक प्रयासो से माता अपने पुत्र से 5 घंटे बाद मिल सकी। जितेंद्र की मां द्वारा पुलिस के मानवीय कार्य की प्रशंसा की गई और कोटी कोटी आभार व्यक्त किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ राजीव नारायण मिश्र द्धए द्वारा द्वारा प्रभारी झूंसी के कार्यों की प्रशंसा की गई व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।



# शनिवार कचहरी डाकघर कील कर्मचारी के बीच मारपीट हुआ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** कचहरी डाकघर में शनिवार को वकीलों-कर्मचारियों में मारपीट के बाद जमकर बवाल



हुआ। महिला वकील के लहुलहुहान होने पर डाकघर में तोड़फोड़ कर दी गई। कर्मचारियों को भी पीटा गया। उन्होंने खुद को भीतर बंद किया तो अधिवक्ताओं ने घेराव कर दिया। कई थानों की फोर्स पहुंची तब जाकर तीन घंटे बाद मामला शांत हो सका। रामबाग निवासी महिला अधिवक्ता ढाई बजे के करीब एक पत्र की रजिस्ट्री कराने डाकघर पहुंचीं। वहां लंबी लाइन देखकर उन्होंने पहले रजिस्ट्री करने को कहा और इसी बात को लेकर उनका काउंटर पर बैठे कर्मचारी सज्जन सिंह से विवाद हो गया। जानकारी पर महिला के अधिवक्ता पति व उनके कुछ साथी पहुंच गए जिस पर वहां मारपीट होने लगी। इसमें आंख के नीचे चोट लगने से महिला अधिवक्ता लहूलुहान हो गईं। जिसकी सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में अन्य अधिवक्ता जुट गए। इसके बाद कर्मचारियों को पीटना शुरू कर दिया गया। पोस्टमास्टर सीएल मिश्रा से भी मारपीट की गई। शीशे तोड़ दिए गए और फर्नीचर में भी तोड़फोड़ की गई। कंप्यूटर भी उलट-पलट दिए गए। डाककर्मियों ने सूचना दी तो चौकी से पुलिसकर्मी पहुंचे लेकिन भीड़ मानने को तैयार नहीं थी। इसके बाद कर्मचारियों ने खुद को भीतर बंद कर लिया। सूचना पर कई थानों की फोर्स लेकर पुलिस अफसर भी आ गए। अधिवक्ता कर्मचारियों पर हमले का आरोप लगा रहे थे और मारपीट करने वाले कर्मचारियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें समझाया और किसी तरह डाककर्मियों को बाहर निकाला। हालात को देखते हुए पीएसी भी बुला ली गई। तब जाकर शाम सात बजे के करीब स्थिति काबू में आ सकी।

# कई दिन से फंसे हुए यात्री ठंडी एवं कोहरा के कारण ट्रेन मे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** कई दिन के बाद शनिवार को भले ही प्रयागराज में धूप निकली हो, लेकिन दिल्ली, एनसीआर और पश्चिमी यूपी में देर रात पड़े कोहरे की वजह से तमाम ट्रेनों का संचालन गड़बड़ा गया। वीआईपी ट्रेन प्रयागराज एक्सप्रेस की बात करें तो उसका इंतजार करते-करते शाम हो गई। सुबह सात बजे आने वाली यह ट्रेन शाम तकरीबन चार बजे प्रयागराज जंक्शन पहुंच सकी। इसके अलावा कई अन्य ट्रेनें भी घंटों विलंब से पहुंचीं। इस वजह से यात्रियों को काफी परेशानी हुई। मौसम की मार एक बार फिर से हवाई और रेल संचालन पर पड़ी है। शनिवार सुबह दस बजे के आसपास धूप तो निकली, लेकिन देर रात पड़े कोहरे और एयरपोर्ट के रनवे पर दृश्यता ठीक न होने की वजह से दो विमान निरस्त रहे। गोरखपुर उड़ान के साथ शनिवार को लखनऊ उड़ान निरस्त रही। इधर कोहरे के कारण सुबह वाली तमाम ट्रेनें शाम के समय जंक्शन पहुंचीं।





# लाठी-डंडे व रम्मा से हमला कर वृद्ध को को मौत के घाट उतार




(आधुनिक समाचार सेवा)
**बलिया।** जिले के फेफना थाना क्षेत्र के मिड्ढा गांव के हरिजन बस्ती में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में सोमवार की करीब 11:00 बजे दिन मे मारपीट के दौरान खूनी संघर्ष हो गया। ।जिसमें जमकर लाठी-डंडे व धारदार हथियार चले। इसमें एक पक्ष के गोपाल राम 70 पुत्र स्वर्गीय त्रिवेणी राम की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनकी बहू गौतमी देवी 50 पत्नी सुरेश राम तथा नाती चंदन राम 22 पुत्र सुरेश राम गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया,जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। बताया जाता है कि कि मृतक का एकलौता पुत्र सुरेश राम लुधियाना में काम करता है।आसपास के लोगों ने मृतक के पुत्र व पुलिस को सूचना दे दी है। आरोपी घर का ताला बंद करके फरार हो गए हैं। बताया जा रहा है कि मृतक गोपाल राम एवं बिकाऊ राम के बीच काफी दिनों से जमीन विवाद चल रहा था। जिसको लेकर सोमवार की सुबह विवाद हो गया। जिसमें बिकाऊ राम के परिवार के लोगों ने वृद्ध को मार-पीटकर हत्या कर दिया।जबकि बहू एवं नाती को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बाद गांव में तनाव व्याप्त घटना को लेकर पुरानी रंजिश बताई जा रही है। लोग तरह-तरह की अटकलें भी लगा रहे हैं।

# बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री भाग्यश्री जी के द्वारा अवार्ड देकर नेहा कश्यप को सम्मानित किया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** एक बार फिर बाँदा जिले की बेटी नेहा कश्यप ने बाँदा जिले का नाम रोशन किया नेहा कश्यप 2023 में नए साल के साथ



साथ एक और अवार्ड अपने नाम कर लिया ।नेहा कश्यप मॉडल एवम् अभिनेत्री एक अपना नया मुक़ाम हासिल कर रही है कानपुर में 7 को स्काई हील प्रोडक्टशन हाउस की ओर से शनिवार को पनकी में स्थित फाइव स्टार होटल में स्काई हिल फ़ैशन वीक 2023 कार्यक्रम का आयोजन किया गया नेहा कश्यप को बालीवुड की अभिनेत्री भाग्यश्री जी ने और दीपक परवानी ने अवार्ड देकर सम्मान किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँची बॉलीवुड स्टार भाग्यश्री ने जी ने अपने गाने से लोगों का दिल जीत लिया जैसे ही भाग्यश्री मंच पर आई तो पूरा माहौल तालियों से गूंज उठा ।इसके बाद उन्होंने कबूतर जा, जा, जाष्ठ..,दिल दीवाना बिन सजना के माने नाष्ठ..,मेरे रंग में रगने वाली, पारी हो तुमष्ठ,गाना सुनाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।अभिनेत्री भाग्यश्री जी ने नेहा कश्यप की बहुत सराहना की नेहा को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी,नेहा कश्यप ने अवार्ड के साथ साथ मंच में स्पेशल वॉक करके अपनी वॉक से जलवे बिखेर दिए ।नेहा कश्यप जानी मानी कलाकार और एक बेहतरीन मॉडल है बहुत जल्द इनका एक ऐल्बम सॉंग आने वाला है जिसमें नेहा कश्यप ने लीड रोल किया है जो आप सभी को काफ़ी पसंद आएगा ।शो में बहुत से सिलेब्रिटी उपस्थित रहे । मिस बुंदेलखंड नेहा कश्यप ऐसे कई अवार्ड अपने नाम कर चुकी है इनको बहुत सी जगह इन्वाइट किया गया है कही जज्मेंट के लिए तो कही जुरी मेम्बर स्पेशल गेस्ट के लिए इन्विटेशन आते रहते है नेहा मॉडलिंग के साथ साथ ऐक्टिंग की दुनिया में खूब धमाल मचाए हुए है इन्होंने कई मूवी वेबसेरीस में भी खूब काम किया है इनका यूटूब चैनल भी है जिसमें ये नत्य के विडीओ अपलोड करती है जिसमें इनके भारी मात्रा में सब्स्क्राइबर है ,नेहा बताती है की वो अपनी फ़ैमिली और अपने बाँदा का नाम हर जगह रोशन करना चाहती है जिससे बाँदा का नाम इतिहास के पन्नो पर दर्ज हो और बाँदा को सब लोग जाने हम सभी नेहा कश्यप के उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

# मुख्यमंत्री योगी जी ने स्व0 श्री केशरीनाथ त्रिपाठी जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की



(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व0 श्री केशरीनाथ त्रिपाठी जी के आवास पर पहुंचकर उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किये तथा उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि दी, तथा ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की एवं शोक संतृप्त परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि स्व0 श्री केशरीनाथ त्रिपाठी जी भारतीय जनता पार्टी के एक वरिष्ठ नेता थे। वे एक विचारवान, वरिष्ठ कार्यकर्ता थे। कहा कि उन्हें जो भी दायित्व सौंपे गये, उसका उन्होंने सफलतापूर्वक निर्वहन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी एक विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता, समाज के प्रत्येक तबके को साथ लेकर चलने की सामर्थ्य, एक उत्कृष्ट अधिवक्ता, संविधानविद्, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष या विधानसभा के अध्यक्ष और एक राज्यपाल के रूप में सभी दायित्वों का उन्होंने कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। कहा कि आज प्रातः 89 वर्ष की उम्र में उन्होंने अपनी भौतिक देह को छोड़कर परम धाम की यात्रा पर प्रस्थान किये है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अवसर पर वे प्रदेश शासन की ओर से और प्रदेश की जनता की ओर से उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए यहां पर आये हुए है। उन्होंने कहा कि स्व0 श्री केशरीनाथ त्रिपाठी जी ने सहजता, सरलता, विद्वता एवं समन्वय का जो एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है, आज उस एक युग का अंत हुआ है। इस अवसर पर हम उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते है। मुख्यमंत्री के अलावा विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी, सांसद रीता बहुगुणा जोशी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्व0 श्री केशरीनाथ त्रिपाठी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# प्रयागराज में तैनात इंस्पेक्टर की सड़क हादसे में मौत,ट्रक ने मारी टक्कर

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** खबर उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले से है।यहां चिलबिला से अमेठी जाने वाले मार्ग पर शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे भीषण कोहरे से अंतू थाना क्षेत्र के कल्याणपुर क्षेत्र में इंस्पेक्टर अमर सिंह रघुवंशी की कार को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए।जिसमें कार सवार इंस्पेक्टर अमर सिंह रघुवंशी की दर्दनाक मौत हो गई।लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कार को गैस कटर से काटकर इंस्पेक्टर का शव बाहर निकाला जा सका। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।अमर सिंह रघुवंशी प्रयागराज शहर कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक के पद पर तैनात थे।हादसे की सूचना पर एएसपी भी मौके पर पहुंचे। मिली जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर अमर सिंह रघुवंशी



शनिवार 7 जनवरी को सुबह लगभग छह बजे कार खुद चलाते हुए रायबरेली की गैंगस्टर कोर्ट में एक मामले की गवाही देने जा रहे थे,तभी चिलबिला-मुसाफिरखाना हाईवे पर (अंतू थाना) पाराहमीदपुर मोड़ के पास सामने से आ रहे ट्रक से उनकी कार की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों वाहन पलट गए।सिविल ड्रेस में रहे इंस्पेक्टर कार में ही फंस गए।

# एसआरएन अस्पताल में कुल 110 डॉक्टर जिसमें से 55 छुट्टी पर, मरीज पीट रहे बंद ओपीडी का दरवाजा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** डाक्टर छुट्टी पर चले गए हैं। मरीजों का इलाज हो या ना हो, उनकी बला से। मंडल के सबसे बड़े अस्पताल स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में कुल नियमित डाक्टर 110 हैं, जिसमें से 55 नियमित डाक्टर सर्दी की छुट्टियां मना रहे हैं। इससे अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था चरमरा गई है। सोमवार को करछना से आया



गैस्ट्रिक का एक मरीज ओपीडी का बंद दरवाजा पीटता रहा। उसकी कोई सुनने वाला नहीं था। मेडिसिन ओपीडी 1/19 और 1/11 से भी तमाम लोग खाली कुर्सी देखकर लौट गए एसआरएन अस्पताल की पुरानी लालबत्ता बिल्डिंग के भूतल पर मेडिसिन और गैस्ट्रोलाजी की ओपीडी का संचालन होता है। 1/11 और 1/19 में मेडिसिन की ओपीडी रहती है, जिसमें फिजीशियन बैठते हैं। सोमवार को दोपहर साढ़े बारह बजे इसमें डाक्टर ही नहीं थे। मरीज आए, कुर्सियां खाली देखी और लौट गए। गेट पर खड़े एक कर्मचारी ने बताया कि डा. मनोज माथुर की ड्यूटी है। लेकिन वह हैं नहीं। कुछ ही दूरी पर ओपीडी कक्ष संख्या 1/10 का दरवाजा भी बंद रहा। इसमें गैस संबंधित बीमारी के डाक्टर बैठते हैं। करछना से आया मोनू विश्वकर्मा दरवाजा पीट कर ड्डडाक्टर साहबङ्ग को बुलाता रहा। कुंडी भीतर से लगी थी लेकिन जवाब कोई नहीं आया मोनू विश्वकर्मा ने बताया कि पेट में गैस की समस्या कई दिनों से है। यहां डाक्टर ही नहीं हैं। दरवाजा पीटने वाली बात पूछने पर कहा कि डाक्टर पता नहीं कहां हैं। किसे दिखाएं, कहां जाएं उसे यही नहीं सूझ रहा था। वार्डों में मरीजों का उपचार नर्सें संभाल रही हैं या संविदा वाले डाक्टर। जिनका आपरेशन हो चुका है या निकट की तारीख मिली है उन्हें सीनियर डाक्टरों के न होने से दिक्कत होने लगी है। स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में यह हालात तब है जब यहां रोज ओपीडी में औसत 3000 मरीज देखे जाते हैं। इस अस्पताल में बेहतर इलाज का भरोसा करके आसपास के 10 जिलों से मरीज आते हैं। इसके बावजूद कुल नियमित संख्या से 50 प्रतिशत डाक्टरों को छुट्टी पर भेज दिया गया है डाक्टर डा. मनोज माथुर ने कहा कि वह 15 दिनों की छुट्टी पर हैं, उनकी जगह दूसरे डाक्टर ओपीडी में मरीजों को देखने के लिए तैनात किए गए थे।

# कुटुंब वेलफेयर सोसाइटी की वार्षिक बैठक का ब्यौरा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।**हुई कुटुंब की बैठक में 5 एजेंडे रखे गए जिसमें पहला एजेंडा था पुरानी सामान्य कमेटी को भंग करना , दूसरा विभिन्न परिक्षेत्र में अलग-अलग विंग का गठन करना , तीसरा नई कार्यकारिणी का गठन करना, चौथा सदस्यता शुल्क को समाप्त कर निशुल्क सदस्यता प्रदान



किया जाना , दपांचवा गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करना बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया की संस्था में सभी सदस्यों के लिए एक वार्षिक सदस्यता शुल्क आवश्यक है अतः अनिवार्य रूप से जो भी सदस्य संस्था की सदस्यता ग्रहण करना चाहते हैं वह 1 जनवरी से 31 दिसंबर के बीच ?500 प्रति वर्ष जमा करके वार्षिक सदस्यता प्राप्त कर सकते हैं यदि कोई व्यक्ति सदस्यता शुल्क देने में असक्षम है किंतु संस्था के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करना चाहता है तो अध्यक्ष और सचिव आपसी सहमति से उसे निःशुल्क सदस्यता प्रदान कर सकते हैं,साथ ही साथ सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि आगामी 26 जनवरी को संस्था के मुख्य कार्यालय पर ध्वजारोहण एवं एक भंडारे का आयोजन किया जाए तत्पश्चात पुरानी सामान्य कमेटी को भंग कर जनवरी के अंत तक नई कमेटी के गठन का निर्णय लिया गया इसके पश्चात सर्वसम्मति से 6 नई इकाइयों की घोषणा की गई जो निम्न है 1 सांस्कृतिक इकाई 2 विधिक सहायता इकाई3 चिकित्सा सहायता इकाई 4 पर्यावरण संरक्षण इकाई5 महिला एवं बाल सहायता इकाई 6 शिक्षा एवं अनुशासन इकाई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इन सभी इकाइयों के एक प्रमुख एवं अन्य सहायक होंगे आज की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि चिकित्सा सहायता इकाई के प्रमुख का कार्यभार इंडियन डेंटल एसोसिएशन के प्रदेश सचिव डॉक्टर सचिन प्रकाश जी ग्रहण करेंगे और विधिक सहायता इकाई के प्रमुख का कार्यभार पूर्व गवर्निंग काउंसिल बार एसोसिएशन एडवोकेट अविनाश जयसवाल जी ग्रहण करेंगे बाकी की 4 इकाइयों के प्रमुख एवं सभी 6 इकाइयों में पदों के लिए जो भी सदस्य इच्छुक हूं वह संस्था में अपना आवेदन कर सकते हैकुटुंब वेलफेयर सोसाइटी की वार्षिक बैठक में जूही जायसवाल, संजय मिश्रा, सलमान अहमद ,सी पी गुप्ता,विवेक गुप्ता, ममता जायसवाल ,अमरेश जायसवाल, जयमाला जायसवाल, शाहबाद अंसारी, राजीव कृष्ण श्रीवास्तव,अविनाश जायसवाल एवम् विजयलक्ष्मी जी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# थाना जार्जटाउन लूट के मामले में 5 अभियुक्त गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** थाना जार्जटाउन पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई चोरी / लूट की घटनाओं अन्तराज्यीय चोरी / लूट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश सफल अनावरण



करते हुए 05 अभियुक्त गिरफ्तार, 4 लाख 26 हजार रु) नगद, 01 स्कूटी, 01 मोटर साइकिल पल्सर, 02 लैपटाप, चोरी के 09 मोबाइल फोन विभिन्न कम्पनियों के भारी मात्रा में पीली धातु व सफेद धातु के जेवर,सिक्के,03 अवैध तमंचा 315 बोर,04 जिन्दा कारतूस बरामद पुलिस आयुक्त प्रयागराज व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रयागराज के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त नगर, अपर पुलिस उपायुक्त अपराध, सहायक पुलिस आयुक्त कर्नलगंज व सहायक पुलिस आयुक्त अपराध के नेतृत्व में थाना प्रभारी जार्ज टाउन धीरेन्द्र सिंह, प्रभारी एस0ओ0जी0 उ0नि0 राजेश उपाध्याय व प्रभारी एस0ओ0जी0 नगर उ0नि0 आशीष कुमार के नेतृत्व में थाना जार्जटाउन पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा आज दिनांक 07/01/2023 को मुखबिर की सूचना पर चोरी की झादे से मौजूद अभियुक्तः । सुमिरन कोल पुत्र स्व0 राजू कोल नि0 कूड़ी थाना बारा जनपद प्रयागराज 2. आशीष कुमार पुत्र स्व रमेश चन्द्र नि0 मोदी नगर थाना शंकर गढ़ प्रयागराज 3. शनी कुमार पुत्र निवाले नि0 बिजनौर बजार परियारी मोहल्ला सरोजनी नगर लखनऊ 4, जावेद अख्तर पुत्र मुस्ताक अहमद निवासी दमगढ़ा थाना उत्तरांव जनपद प्रयागराज व 5. कमलेश सोनी पुत्र राजकरन सोनी नि0 वार्ड नं0 05 कनकनगर कस्बा शंकरगढ़ थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज को रेलवे लाइन के किनारे के पास गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 03 अवैध तमंचा 315 बोर, 04 जिन्दा कारतूस, 01 मोटर साइकिल पल्सर, 4 लाख 26 हजार रु0 नगद व चोरी का सामान बरामद किया गया। उक्त बरामदगी गिरफ्तारी के सम्बन्ध में धाना जार्जटाउन में मु0अ0सं0- 06/2023 धारा 411/413/414/419/420/467/468/471/120(ँ) भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। पूछताछ विवरण! गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि इनका एक संगठित गैंग है जिसका सरगना हैदर है जो शहर में विभिन्न घाना क्षेत्रों के मुहल्लों में घूम-घूम कर बन्द घरों की रेकी करता था। रेकी के उपरान्त मध्य रात्रि में सुनसान समय में मौका देख कर यह लोग घरों में घुस जाते थे तथा घरों के अन्दर बन्द दरवाजों का रोड से ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। अपनी सुरक्षा के लिए हम लोग अपने साथ असलहे भी रखते थे। चोरी में मिले हुए सामान को सभी लोग आपस में बंटवारा कर लेते थे। जेवरात आदि को ज्वैलर कमलेश सोनी को बेच दिया जाता था जिससे प्राप्त रुपयों- पैसों से हम लोग अपने शौक आदि पूरा करते थे। इन लोगों द्वारा कीडगंज (सुलाखी मिष्ठान भण्डार), नैनी, फाफामऊ, कीडगंज, शिवकुटी, अतरसुईया, जार्जटाउन के कई बड़े घरों में चोरी की घटना किया जाना स्वीकार किया।

सीधे प्रवेश
100% Placement
15% Fee Concession
नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)
❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।



- ➢ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
- ➢ डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
- ➢ फायर सेफ्टी — सीसीए
- ➢ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
- ➢ इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
- ➢ सीएनसी प्रोग्रामिगं — बेसिक कम्प्युटर
- ➢ इलेक्टिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर



Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com
प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
➩ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# सोनभद्र मे दम्पति पर कातिलाना हमला हमलावरो ने पीट-पीटकर किया लहुलुहान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** जिले के रावर्सगंज थाना क्षेत्र के कमोजी गांव मे आज सोमवार को करीब ग्यारह बजे दिन मे दबंगो ने बदले की भावना से एक वरिष्ठ अधिवक्ता दम्पति पर कातिलाना हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। हमले के उपरांत परिजनो को जान से मारने की धमकी देते हुए विंदास हमलावर चले गए। घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर कुमार दुबे पुत्र जनार्दन दुबे अपने गांव कमोजी से रोज की भांति आज भी सोमवार को लगभग 11 बजे दिन मे कचहरी के लिए निकले उसी दरम्यान उनके परिजनो ने उन्हे फोन कर बताया कि घर के सामने कुछ दबंग लोग गोलबंदी कर आए है और गाली-गलौज कर मारने पीटने के लिए आमादा है। इसकी जानकारी होते ही अधिवक्ता घर वापस आ गए।वहा पहुचते ही लाठी-डंडे और राड से हमलावर हमला करते हुए उन्हे लहुलुहान कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया।ग्रामीणो के हस्तक्षेप से हमलावर किसी तरह मौके वारदात से निकले।ग्रामीण और परिजनो के सहयोग उन्हे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। इस घटना के बावत जानकारी मिली है कि घायल अधिवक्ता ग्रामसभा के नवीन परती भूमि को दंबगो द्वारा कब्जा करने को लेकर मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल पर कई बार शिकायत की थी। जिससे नाराज दबंगो ने उनके दरवाजे पर दस्तक देकर दौड़ा-दौड़ा कर उनके परिजनो तक को पिटाई कर दी। उपचार के बाद घायल अधिवक्ता स्थानीय पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के लिए नामजद रिपोर्ट की है। हमले के उपरांत गांव वालों की बीच सरेआम उनके परिवार को जान से मारने की धमकी से सदमे मे अधिवक्ता परिवार है।








# सरकारी जमीन से हटवा दा कब्जा ग्राम समाधान दिवस में पहुंचा 22 मामला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** साहब! हमरे गांव में कई लोगन सरकारी जमीन पर कब्जा कइले हवन, कब्जा हटवा देत त बड़ी कृपा होई..उक्त फरियाद बेठिगांव ग्राम पंचायत की रहने वाली लखवा देवी ने ग्राम समाधान दिवस में सुनाई। सोमवार को ग्राम पंचायत भवन पर आयोजित ग्राम समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनीं गई। लखवा देवी ने पूर्व प्रधान पर सरकारी जमीन पर कब्जा करने की शिकायत करते हुए उसे हटाने की मांग की तो वहीं विनोद ने अंबेडकर प्रतिमा लगाने के लिए छोड़ी गई जमीन पर कब्जा की शिकायत दर्ज कराई। एक मामला किसान सम्मान निधि से जुड़ा रहा। जबकि 19 मामले प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित रहे, जिसके निस्तारण के लिएविभागीय अधिकारियों से संपर्क किया गया। इस तरह यहां कुल 22 मामला प्राप्त हुआ। शिकायत सुनते हुए ग्राम प्रधान नीलम, प्रतिनिधि अनूप तिवारी, ग्राम पंचायत अधिकारी अरुण चौधरी, लेखपाल सुधीर कुमार पटेल ने मौके पर 19 मामलों का तत्काल निस्तारण कराया। यहां कृषि रक्षा अधिकारी जनार्दन कटियार के उपस्थिति में फरियाद सुनना था, लेकिन वह नहीं पहुंचे। इस मौके पर मुख्य रूप से आशा माया, रीता देवी, कोटेदार सुशीला देवी, मदन प्रसाद, पंचायत मित्र उपेंद्र कुमार, सफाई कर्मचारी धर्मेन्द्र गणेश, रामसूरत, संतोष तिवारी, रामदेव, रामजियावन, गिरजा देवी, सत्यप्रकाश तिवारी, रामकृत मौर्य, राम अवध आदि रहे।



# नशीला पदार्थ पिलाकर युवती के फोटो वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** थाना बिसरख पुलिस द्वारा, नशीला पदार्थ पिलाकर युवती के फोटो/वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार। आज दिनांक 09.01.2023 को थाना बिसरख पुलिस द्वारा, मु0अ0स0 22/2023 धारा 384/328/504/506 भादवि व 67 ए आईटी एक्ट के अंतर्गत नशीला पदार्थ पिलाकर युवती के फोटो/वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले वांछित अभियुक्त नितिन खुराना पुत्र गुरजीत खुराना निवासी म0न0 169 कोर्ट खालसा थाना कोर्ट खालसा जिला अमृतसर पंजाब को सरोवर पोर्टिगो होटल के पास से गिरफ्तार किया गया है। **अपराध का विवरणः-** अभियुक्त ने आवेदिका से इन्ट्राग्राम पर दोस्ती कर मिलने के लिए गोर सिटी के एक होटल में बुलाया जिसके बाद अभियुक्त द्वारा आवेदिका को नशीला पदार्थ पिलाकर फोटो विडियो लिया गया तथा आवेदिका से धन की मांग की गयी। मांग पूरी न करने पर आवेदिका के फोटो/वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल किये गये। **अभियुक्त का विवरणः** अभियुक्त नितिन खुराना पुत्र गुरजीत खुराना निवासी म0न0 169 कोर्ट खालसा थाना कोर्ट खालसा जिला अमृतसर पंजाब **पंजीकृत अभियोग का विवरणः** मु0अ0स0 22/2023 धारा 384/328/504/506 भादवि व 67 ए आईटी एक्ट थाना बिसरख गौतमबुद्धनगर।



# चोपन पुलिस के अथक प्रयास से फरार चल रहे धोखाधड़ा में वांछित 01 नफर शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** चोपन सोनभद्र श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के पर्यविक्षण में, तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना चोपन पुलिस ने आज धोखाधड़ी में वांछित 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार वांछित अभियुक्त/वारण्टी का विवरण 1. रजत माली उर्फ रजत सैनी पुत्र सतीश प्रसाद निवासी इस्माइलपुर थाना हाजीपुर सदर जनपद वैशाली बिहार हालपता 3/1/4-5 ओबरा गौरमेन्ट कालोनी ओबरा उम्र करीब 28 वर्ष मु0अ0सं0 व धारा जिसमें वांछित हैं - - 200/2022, धारा 419, 420 भादवि व 66डी आईटी एक्ट थाना चोपन ।आज समय लगभग 08.30 बजे, बग्घानाला पुल के निचे से गिरफ्तार किया गिरफ्तार करने वाली टीम में लक्ष्मण पर्वत - थाना चोपन, उ0नि0 अरविन्द कुमार गुप्ता - चौकी प्रभारी डाला हे0का0 चन्द्रजीत सिंह - थाना चोपन, का0 रामबाबू - थाना चोपन, का0 सत्यप्रकाश - शामिल रहे।



# जान से मारने की नियत से फायर करने वाले 04 अभियुक्त गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा, जान से मारने की नियत से फायर करने वाले 04 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक तमंचा 315 बोर बुलेट का टुकडा व घटना में प्रयुक्त गाडी स्कार्पियो बरामद। दिनांक 09.01.2023 को थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-23/2023 धारा 307/427 भादवि के अंतर्गत अल्फा-1 क्षेत्र में की गयी फायरिंग की घटना के सम्बन्ध में 04 अभियुक्तों 1.आदित्य भाटी 2. ईशान रावत 3. कुलदीप सिह 4. भानू चौहान को अल्फा 1 से गिरफ्तार किया गया, कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 तंमचा 315 बोर, गोलीबारी में चली बुलेट का टुकडा व घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो कार बरामद हुयी है। दिनांक 08.01.2023 को रात्रि में ईशान रावत, कुलदीप सिह ,भा? चौहान व संदीप एक काले रंग की स्कार्पियो रजि0न0 यूके 07 एफजे 5050 से देहरादून से अपने दोस्त के यहाँ प्राइवेट गेस्ट हाउस में आये थे जहाँ पर हार्न बजाने को लेकर सामने वाले मकान बी 118 के प्रथम तल से वादी का लडका आया जिसने अभियुक्तों से हार्न से डिस्टर्ब होने की बात कही, जिस पर अभियुक्तों संदीप,दीपू,भानू चौहान,कुलदीप, ईशान, आदित्य सभी बाहर आ गये जिनमें से अभियुक्त संदीप ने पिस्टल निकाली और आदित्य भाटी ने तमंचा निकाला और कमरे से बाहर आकर वादी के घर बी 118 पर आदित्य ने तमंचे से फायर कर दिया। अभियुक्त संदीप ने पिस्टल चलायी तो नहीं चली। **अभियुक्तों का विवरणः** 1.आदित्य भाटी पुत्र श्री जयवीर सिह भाटी निवासी रानी नगला थाना हस्तिनापुर जिला मेरठ हाल पता बी 56 अल्फा 1 ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्धनगर 2.ईशान रावत पुत्र दर्शन रावत निवासी फेस न07 मियाबाला थाना डोरी वाला जिला देहरादून 3.कुलदीप सिह ओमपाल सिह निवासी म0न0 192 रामबाग मवाना थाना मवाना जिला मेरठ 4.भानू चौहान पुत्र राजसिह चौहान निवासी 3222 मोहल्ला मुन्नालाल चौहान चौक मबाना थाना मबाना जिला मेरठ **पंजीकृत अभियोग का विवरण** 1.मु0अ0सं0-23/2023 धारा 147/148/149/307/427/188 भादवि थाना बीटा-2 गौतमबुद्धनगर 2.मु0अ0सं0-24/2023 धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम थाना बीटा-2 गौतमबुद्धनगर **बरामदगी का विवरण** 1. एक तमंचा 315 बोर 2. बुलेट का टुकड़ा 3.घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो गाडी नं- यूके 07 एफ जे 5050।




# द्रिपूल स्मृति कप में अतुल भारत चैरिटेब ट्रस्ट द्वारा वितरित किया गया टीशर्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** मिर्जापुर जिले के बगहीं ग्राम सभा में द्रिपूल स्मृति कप का फाइनल मुकाबला खेला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय द्रिपूल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। उसके बाद अतुल भारत चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष अतुल कुमार सिंह के द्वारा कृतज्ञ फाउंडेशन के अध्यक्ष पंकज सिंह, कोषाध्यक्ष अमन पटेल, सचिव शंकर सिंह शाक्या की उपस्थिति में कमेटी के सभी सदस्यों को टिशर्ट वितरित किया गया। फाइनल मुकाबला कृतज्ञ फाउंडेशन पुरुषोत्तमपु व राजातालाब के बीच खेला गया। कृतज्ञ फाउंडेशन ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवरों में 73 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में राजातालाब ने 8 ओवरों में ही 7 विकेट से मैच जीत लिया। मैन आप द मैच राजातालाब के मेंडिस रहे। पूरे टूर्नामेंट में बेस्ट प्लेयर कृतज्ञ फाउंडेशन के कप्तान सूरत सिंह रहे। कृतज्ञ फाउंडेशन द्वारा आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण वह डायरी और पेन देकर स्वागत किया गया। अतुल भारत चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अंगवस्त्रम से सम्मानित किया गया। समापन समारोह में सुर्य प्रकाश सिंह पप्पू पटेल (अपना दल यस), चंद्रप्रकाश सिंह ब्लाक प्रमुख नरायनपुर, बालेश्वर सिंह (प्रबंधक नंदन बंदन महाविद्यालय), रविशंकर पटेल (जिला उपाध्यक्ष अपना दल यस छात्र मंच ), पवन पटेल ग्राम प्रधान शिवराजपुर, रमेश सिंह स्वामी जी, अंजनी सिंह प्रधान प्रतिनिधि बेला, अनुराग सिंह प्रधान पति बगही, धर्मराज सिंह युवा नेता भाजपा, सत्योंद्र सिंह अध्यापक, दिलीप सिंह अध्यापक, बृजेश सिंह, सत्येंद्र सिंह, सर्वेश सिंह, अखिलानंद सिंह, रोमित के साथ सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री ने सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री से मिलकर सोनभद्र के विकास पर की चर्चा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला /सोनभद्र।** केंद्रीय रेल, दूर संचार, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्वनी वैष्णव से संजीव कुमार गोंड राज्यमंत्री, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति ने मुलाकात कर जनपद सोनभद्र में रेलवे, दूर संचार, अंडर पास से संबन्धित विषयो पर विस्तृत चर्चा करते हुए ज्ञापन देकर पहल किए जाने की मांग की।राजमंत्री ने दिए गए ज्ञापन में जनपद सोनभद्र से राजधानी लखनऊ एवं नई दिल्ली आने जाने के लिए सुपर फास्ट ट्रेन चलाए जाने एवं चोपन सोनभद्र में एक सुपरफास्ट ट्रेन का स्टॉपेज किए जाने, जनपद सोनभद्र में मोबाइल नेटवर्क की व्यवस्था ना होने के कारण जंगल पहाड़ों में रहने वाले लोगों को काफी असुविधा होने के कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है नेटवर्क नहीं मिलता नेटवर्क व्यवस्था कराई जाए, पन्नूगंज रामगढ़ मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज न होने की वजह से घंटों आवागमन जाम रहता है। नगर पंचायत चोपन एवं चोपन गांव को जोड़ने के लिए रेलवे क्रॉसिंग के पास फ्लाईओवर अंडर पास नहीं है ग्राम पंचायत पनारी के अंतर्गत कड़िया फफरा कुंड एवं ग्राम पंचायत हथवानी के अंतर्गत जोगीडीह रेलवे स्टेशन के पास निवासी जनता के लिए अंडरपास रास्ता ना होने के कारण आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल पहल किए जाने की बात कहीं।



# अनियंत्रित होकर बाइक सवार गिरा पीछे से हाईवा ने कुचला दो की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला /सोनभद्र।** हाथीनाला थाना क्षेत्र के रेनुकूट से हाथीनाला तरफ आ रहे दो मोटरसाईकिल सवार के अनियंत्रित होकर गिरने से पीछे से आ रही हाइवा से कुचलकर दोनो की मौके पर ही मौत हो गई।शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर दुद्धी भेज दिया है।घटना के सम्बंध में हाथीनाला थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम बिहारी ने बताया कि एक ही मोटरसाईकिल पर सवार दो लोग रेनुकूट से हाथीनाला की तरफ आ रहे थे,साऊडीह क्षेत्र में पहुँचते ही मोटरसाईकिल अचानक अनियंत्रित होकर मार्ग पर गिर गया,उसी समय पीछे से आ रहा हाईबा गाड़ी से कुचलकर दोनो की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना राहगीरो द्वारा पुलिस को दिया मौके पर पहुँची पुलिस ने दोनो की पहचान आलोक पांडेय(25) निवासी रेनुकूट व युवराज सिंह (24) निवासी रेनुकूट के रूप में हुआ है।

# स्काउटिंग से नैतिकता और योग्यता का विकास होता है - डॉक्टर बृजेश महादेव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** बी एस ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवारी चोपन सोनभद्र में तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ. माँ सरस्वती का पूजन अर्चन के साथ प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ. इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित डॉक्टर बीके सिंह महादेव ने कहा कि स्काउटिंग एक आन्दोलन है जिसमें बच्चों से बड़ो तक के उच्च् कोटि की नैतिकता व योग्यता का विकास होता है। जीवन को तराशने के लिए स्काउटिंग सबसे बेहतर विधा है. इससे आत्मविश्वास बढ़ने के साथ साथ-साथ भाईचारे की भावना पनपती है तथा व्यक्ति के अंदर प्रकृति एवं पशु-पक्षियों के साथ प्रेम व अनुशासन की भावना जागृत होती है. प्रबंधक श्री गंगेश्वर प्रसाद ने सबका स्वागत किया तथा प्रधानाचार्य राजकिशोर ने धन्यवाद ज्ञापित किया. इस मौके पर स्काउट मास्टर हनुमान प्रसाद सिंह राजेश तिवारी बबलू प्रसाद चंदूलाल अंजनी सिंह रामसुंदर बुद्धिमान सिंह कुशमेश राजकुमार सिंह नवीन मिश्रा संतोष कुमार राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षक अशोक कुमार ने किया।




# डाला नगर पंचायत के कर्मचारियों पर अभद्रता का आरोप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** स्थानीय नगर पंचायत क्षेत्र के कोल बस्ती के ग्रामीणों ने नगर पंचायत डाला बाजार पर मौजूद कर्मचारियों की अभद्रता पर नाराजगी जताया। ग्रामीणों का कथित आरोप है कि नगर पंचायत द्वारा डाला मस्जिद के पास करवाये जा रहे निर्माण कार्य के दौरान एकत्रित मिट्टी को पानी के पाइप पर डाल दिया जिससे कि पाइप कहीं से क्षतिग्रस्त हो गया।बताते चलें कि कोल बस्ती डाला मस्जिद के ठीक सामने दूसरी पटरी पर है तथा ग्रामीण, बच्चे, महिला और बुजुर्ग पीने के पानी के लिए सड़क को पार कर रहे थे जिससे कोई अप्रिय घटना ना घटे यह सोच कर कुछ ग्रामीणों ने आज रविवार के दिन नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर मौजूद कर्मीयों से नगर पंचायत के द्वारा करवाये जा रहे निर्माण कार्य के दौरान हुई क्षतिग्रस्त पानी की पाइप लाइन को सही करने का आग्रह किया जिससे वाराणसी - शक्तिनगर राज्य मार्ग जो की किलर रोड के नाम से जाना जाता है उस पर कोई अप्रिय घटना ना हो जाए। चूंकि सप्लाई वाले पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से लगभग डेढ़ सौ लोग पीने के पानी को लेकर प्रभावित हो जायेंगे।पाइप का जल्द से जल्द मरम्मत करवा दीजिए । ग्रामीणों का आरोप है कि नगर पंचायत पर मौजूद कर्मी के द्वारा ग्रामीणों के साथ बदसुलूकी की और अभद्र व्यवहार करते हुए कहा की तुमको जो करना है कर लो जहां जाना है जाओ। भीड़ देखकर जब मीडिया बंधु ने ग्रामीणों से संवाद किया इसकी सुचना मिलते ही नगर पंचायत के कुछ कर्मचारियों द्वारा पाइप को ठीक करवा दिया गया। इस सम्बंध में लिपिक रिषी कुमार यादव से पूछा गया तो बताया कि यह मामला हमारे संज्ञान में नहीं आया है मैं जांच कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करवाते हैं इस मौके पर रामराज कोल, रामनरेश कोल, लाला,लल्लू,हीरावती देवी, प्रभावती देवी, बहादुर, राजा राम ,रूपा देवी, सरफुद्दीन अंसारी ,अनिल दीपू आदि लोग मौजूद रहे।




# पैदल जा रहे एक व्यक्ति को बाइक सवार ने मारी टक्कर, हुए दो घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला /सोनभद्र।** स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के रामलीला मैदान के सामने पैदल सड़क पार करते हुए एक व्यक्ति को बाइक सवार ने मारा टक्कर, हुए दो गंभीर रूप से घायल एक को हल्का चोट आई रविवार शाम तीन बजे के करीब डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के रामलीला मैदान के सामने घायल राजकुमार उम्र लगभग 48 वर्ष पुत्र स्व भगवान दास निवासी मलिन बस्ती पैदल सड़क पार कर रहें थे उसी दौरान बाइक सवार राम बिचार पुत्र शंखलाल निवासी जोखनागडही कोटा व सोनू उम्र लगभग 28 वर्ष पुत्र सुखलाल निवासी बाड़ी डाला ने धक्का मारते हुए गिर कर घायल हो गए जिसके उपरांत स्थानीय युवाओं के मदद से सभी घायलों को आनन फानन में निजि अस्पताल में भर्ती करवाया गया वहीं सोनू उम्र लगभग 28 वर्ष पुत्र सुखलाल निवासी बाड़ी डाला मौका देखकर बाइक सवार ने घटना स्थल से फरार हो गया वहीं सूचना पाकर मौके पहुंची पुलिस ने अग्रीम कार्यवाही में जुटी गई




# एनटीपीसी सिंगरौली में नव वर्ष-2023 स्वागत समारोह का उत्साहपूर्वकआयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर में नव वर्ष-2023स्वागत समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। नव वर्ष-2023स्वागत समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री बसुराज गोस्वामी, कार्यकारी निदेशक, श्रीमती जयिता गोस्वामी, अध्यक्षा, वनिता समाज, श्री सतीश कुमार गुजरानिया, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), सभी महाप्रबंधकगण,कमांडेंट,सी आई एस एफ,वनिता समाज की वरिष्ठ सदस्याओं,यूनियन एवं एसोशिएशन के प्रतिनिधिगणएवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा एनटीपीसी ध्वज सम्मानपूर्वक फहराने एवं एनटीपीसी गीत समवेत स्वर में गाने के साथ किया गया।तत्पश्चातमुख्य अतिथि श्री बसुराज गोस्वामी एवं सभी वरिष्ठ गणमान्य अतिथियों द्वारा केक काटा गया श्री बसुराज गोस्वामी द्वारा नववर्ष-2023उद्बोधन में सभी कर्मचारियों, वनिता समाज की सदस्याओंयूनियन एवं एसोशिएशन के प्रतिनिधिगण,कर्मचारीगण,संविदा कर्मियों एवं उपस्थित जनों को हार्दिक शुभकामनाएं दीगई।उन्होंने सभी उपस्थितजनों को एनटीपीसी लिमिटेड की वर्तमान में विद्युत उत्पादन क्षमता 70884 मेगावॉट,अन्य उपलब्धियों एवं भावी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। श्री बसुराज द्वारा परिचालन दक्षता का उल्लेख करते हुए एनटीपीसी सिंगरौली की प्रथम यूनिटक्ष1 के बारे में बताया गया, जिसका पीएलएफ़ वर्ष 2021-2022 में 100 से भी अधिक रहा ।

# श्री राम दरबार की निकली भव्य शोभायात्रा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** विश्व के कल्याण के लिए राबर्ट्सगंज नगर के आरटीएस क्लब मैदान में चल रहे श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ के समापन पर सोमवार को मानस पंडाल में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसके बाद नगर में भव्य श्रीराम दरबार की शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान जय मां गायत्री जागरण ग्रुप के प्रसिद्ध भजन गायक सूरज गुप्ता और संगीतकार छोटू शुक्ला द्वारा श्रीराम के एक से बढ़कर एक भजनों को गाया गया। इस शोभायात्रा में 108 भूदेव हाथों में भगवा ध्वज लिए एवं श्री राम भक्त भजनों के धुन पर नाचते गाते जय श्री राम का गगनभेदी जयघोष लगाते हुए शामिल हुए। इसके एक दिन पूर्व मानस पंडाल में रविवार रात्रिकालीन प्रवचन में गोरखपुर से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक हेमंत त्रिपाठी और जौनपुर से आए कथावाचक विद्यार्थी जी ने श्रीराम के राज्याभिषेक की कथा पर प्रकाश डाला। कथावाचक ने भगवान श्रीराम का पुष्पक विमान से सीता, लक्ष्मण, हनुमान, जामवंत, सुग्रीव, अंगद आदि के साथ अयोध्या आगमन और श्रीराम राज्याभिषेक की कथा मार्मिक ढंग से वर्णन किया।

वही मानस मंच पर समिति के अध्यक्ष सत्यपाल जैन ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में इस नौ दिवसीय अयोजन में लगे सभी पदाधिकारियों समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में इस गेंदबाज ने पूरी की बुमराह की कमी, क्या टी 20 वर्ल्ड कप 2023 की टीम में मिलेगी जगह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच में 91 रनों से शानदार जीत हासिल की और सीरीज पर 2-1 से कब्जा होने के चलते टीम से बाहर चल रहे है। लेकिन श्रीलंका के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज में बुमराह वापसी करेंगे। बुमराह सिंतबर 2022 से क्रिकेट मैदान से दूर नजर कोई और नहीं टीम इंडिया के युवा तेज गेंदबाज उमरान मलिक है, जिन्होंने श्रीलंकाई सीरीज में शानदार गेंदबाजी कर हर किसी को प्रभावित किया बता दें कि उमरान



जमाया। इस सीरीज में टीम इंडिया के तेज गेंदबाज उमरान मलिक ने शानदार गेंदबाजी का नजारा पेश किया और तीनों मैचों में कुल 7 विकेट चटकाए। इसके साथ ही उमरान मलिक ने अब वनडे वर्ल्ड कप 2023 के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है। दरअसल, भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह काफी लंबे समय से चोटिल आ रहे है। बता दें कि बुमराह के ज्यादातर इंजर्ड रहने के चलते भारतीय टीम को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है, लेकिन श्रीलंका सीरीज के खिलाफ हाल ही में खेली गई टी-20 सीरीज में भारत को बुमराह से भी बेहतर गेंदबाज मिल गया है, जो वनडे विश्व कप 2023में बुमराह का बैकअप बनने का दावा रखता है। ये गेंदबाज मलिक ने श्रीलंका के खिलाफ पूरी टी-20 सीरीज में 15.14 के एवरेज से सात विकेट हासिल किए। इस दौरान उमरान ने अपनी तेज तर्रार गेंद से श्रीलंकाई खिलाड़ियों को खूब परेशान किया। श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज के दौरान उन्होंने तीन खिलाड़ियों को स्टंप आउट किया।

# 'उन्होंने मेरी काफी मदद की', धोनी नहीं बल्कि इस प्लेयर को हार्दिक ने दिया सफल कप्तानी का श्रेय

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** हार्दिक पांड्या की कप्तानी में भारतीय टीम ने श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज में 2-1 से जीत हासिल की। बता



दें कि हार्दिक पांड्या ने घर में पहली बार सीरीज जीती है। भारत ने तीसरे टी-20 मैच में श्रीलंका को 91 रनों से मात दी। इस जीत के बाद कप्तान पांड्या ने अपनी लीडरशिप पर बयान दिया। उन्होंने एमएस धोनी नहीं बल्कि भारत के पूर्व खिलाड़ी आशीष नेहरा को अपनी सफल कप्तानी का श्रेय दिया है। दरअसल, भारतीय टीम ने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज को 2-1 से जीत लिया है। हार्दिक पांड्या की कप्तानी इस सीरीज में सफल नजर आई और उन्होंने मैच के बाद गुजरात टाइटंस के कोच आशीष नेहरा को इसका श्रेय दिया। उन्होंने बताया कि उनकी लीडरशिप में सुधार आशीष नेहरा की वजह से हुआ है। हार्दिक ने कहा कि गुजरात टाइट्स में कोच आशीष ने उनके जीवन में काफी बदलाव किया, हम दोनों क्रिकेट के बारे में एक जैसा सोचते है। हार्दिक ने कहा कि गौरतलब है कि टी-20 विश्व कप 2021 में में चोटिल होने के बाद हार्दिक लंबे समय तक क्रिकेट मैदान से दूर रहे थे, जिसके बाद उन्होंने आईपीएल 2022 में दमदार वापसी की और नई नवेली टीम गुजरात टाइट्स को अपनी कप्तानी में आईपीएल 2022 का खिताब जिताया था। साथ ही बता दें क हार्दिक की अगुवाई में भारतीय टीम ने पहले आयरलैंड में सीरीज जीती थी, उसके बाद श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज जीती है। भारतीय टीम ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टी-20 मैच में 2 रनों से जीत हासिल की थी, इसके बाद दूसरे टी-20 मैच में भारत को हार का सामना करना पड़ा था।

# फीके लगते हैं एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल, पाकिस्तान के गेंदबाज ने सूर्यकुमार यादव को बताया नया यूनिवर्स बॉस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दूसरा टी20 मैच 16 रन से हारने के बाद सूर्यकुमार यादव ने बाउंस बैक करने की बात कही थी और तीसरे और आखिरी मैच में उन्होंने अकेले अपने दम पर टीम इंडिया की जीत की नींव रख रन से मैच जीत लिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने 3 मैच की सीरीज 2-1 से अपने कब्जे में कर लिया।सूर्या की इस पारी की तारीफ वर्ल्ड क्रिकेट के गलियारों में हो रही है।। सब उन्हें टी20 फॉर्मेट में वर्ल्ड का बेस्ट बल्लेबाज बता में एक बार आता है। आज उसने 51 गेंद पर जो 112 रन की पारी खेली, उसे कोई नहीं दोहरा सकता हैठकनेरिया यही नहीं रुके उन्होंने आगे कहा ठआप एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल की बात करते हैं, लेकिन सूर्या के सामने ये दोनों भी



दी। सूर्यकुमार यादव इस मैच में न केवल दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने, बल्कि 51 गेंद पर 112 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी इस पारी में 7 चौके और 9 छक्के लगाए। उनकी इस पारी के दम पर ही भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए इस मैच में 228 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और श्रीलंका की टीम को 137 रन पर ऑल आउट कर 91 रहे हैं। उनकी तारीफ करने वालों में पाकिस्तान के पूर्व स्पिन गेंदबाज दानिश कनेरिया का नाम भी है, जिन्होंने सूर्यकुमार यादव को नया यूनिवर्स बॉस बताया है।हिंदुस्तान टाइम्स के हवाले से दानिश कनेरिया ने कहा नया यूनिवर्स बॉस सूर्यकुमार यादव-द बीस्ट है। अब मैं इस खिलाड़ी के बारे में क्या ही कह सकता हूं। मैंने पहले भी कहा है कि सूर्यकुमार जैसा खिलाड़ी जीवन फीके लगते हैं। वह पहले ही उन्हें पछाड़ चुका है और टी20 क्रिकेट को एक नए स्तर पर ले गया है आपको बता दें कि अब टीम इंडिया, न्यूजीलैंड के खिलाफ अगला टी20 सीरीज खेलेगी, जहां एक बार फिर सूर्यकुमार यादव का विस्फोटक अंदाज देखने को मिलेगा, लेकिन उससे पहले टीम इंडिया को 3-3 वनडे मैच श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलना है।

# कोच राहुल द्रविड़ ने बेस्ट इनिंग चुनने को कहा तो सूर्यकुमार यादव ने दिया ये जवाब

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** श्रीलंका के खिलाफ 51 गेंद पर 112 रन की मैच जिताऊ पारी खेलने वाले सूर्यकुमार यादव से हेड कोच राहुल द्रविड़ ने बातचीत की। बीसीसीआइ ने द्वारा पोस्ट किए गए इस वीडियो में कोच राहुल द्रविड़ सूर्यकुमार यादव की शॉट्स रेंज के बारे में कोच द्रविड़ ने सवाल किया तो उन्होंने कहा कि इस फॉर्मेट में आपके पास प्री-डिटरमाइंड शॉट होते हैं लेकिन फील्ड और गेंदबाजों के अनुसार खेलना भी जरूरी। उन्होंने कहा कि मैं फील्ड और गेंदबाज को देखकर अपने शॉट्स चुनता हूं। मुझे मुश्किल



तारीफ करते हुए कह रहे हैं कि जब भी उन्हें लगता है कि उन्होंने टी20 की बेस्ट इनिंग देख ली है तो सूर्या उससे भी अच्छी इनिंग खेल देते हैं। हालांकि, सूर्यकुमार यादव से जब पूछा गया कि उनकी बेस्ट इनिंग कौन सी है तो उन्होंने कहा किसी एक को चुनना बेहद मुश्किल है। आपको बता दें कि यह सूर्या के टी20 करियर का तीसरा शतक है। इससे पहले वह इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ शतकीय पारी खेल चुके हैं।जब उनसे उनके परिस्थिति में बल्लेबाजी करना अच्छा लगता है। मैं उस मौके को एंज्वॉय करता हूं। सूर्या ने इस बातचीत के दौरान अपने करियर में फैमिली की भूमिका के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि उनके पापा इंजीनियर हैं। उनके फैमिली में किसी का भी स्पोर्ट्स से नाता नहीं रहा है। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि फिटनेस के लिहाज से उनकी पत्नी ने खूब मदद की। उन्होंने एनसीए में दिए गए यो-यो टेस्ट को लेकर कहा कि वह उनके करियर का टर्निंग प्वाइंट रहा।

# ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2-0 से जीती टेस्ट सीरीज, तीसरा मैच ड्रॉ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रविवार को सीरीज के तीसरे और अंतिम टेस्ट के आखिरी दिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर मैच को ड्रॉ करने साइमन हार्मर ने पहले घंटे क्रीज पर अपने पैर जमाए रखे। जब तक कि ट्रेविस हेड ने उन्हें पवेलियन नहीं भेज दिया। 85 रन की साझेदारी के लिए हार्मर ने फिर केशव महाराज के साथ अच्छी से सिर्फ 56 रन ही बना सके। हेजलवुड ने क्लासेन का विकेट लिया। इसके बाद सारेल एरवी और तेम्बा बावुमा दक्षिण अफ्रीका के लिए मैच ड्रॉ कराने में सफल रहे। ऑस्ट्रेलिया अब 9 फरवरी से शुरू



में कामयाब रहे। हालांकि ऑस्ट्रेलिया का प्रभावशाली गेंदबाजी आक्रमण बारिश से प्रभावित मैच में जीत हासिल करने में विफल रहा, लेकिन पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम 2-0 से सीरीज जीतने में सफल रही। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (ऊण्) के फाइनल में जाने के लिए अपनी स्थिति को और मजबूत कर लिया है। पांचवे दिन 149/6 से फिर से खेल शुरू होने पर, मार्को जानसेन और बल्लेबाजी की।ड्रा की ओर बढ़ रहे मैच में जोश हेजलवुड ने हार्मर और महाराज दोनों को आउट कर दिया। नाथन लियोन ने आखिरकार कगिसो रबाडा को आउट कर साउथ अफ्रीका की पारी को समाप्ति पर ला दिया, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका पर फॉलोऑन लागू कर दिया। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर को पैट कमिंस ने अपना शिकार बनाया। पूरे दौरे के दौरान एल्गर 9.33 की औसत होने वाले भारत के चार मैचों के बड़े दौरे की तैयारी करेगा। सिडनी टेस्ट के बाद ऑस्ट्रेलिया का ऊण् प्वाइंट्स टेबल में उनका अंक-प्रतिशत 75.56 प्रतिशत रह गया है। भारत के लगातार दूसरे फाइनल में पहुंचने की संभावना बढ़ गई है, क्योंकि टीम इंडिया 58.93 अंक-प्रतिशत के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर बनी हुई है, जबकि श्रीलंका भी 53.33 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है।

# सूर्यकुमार यादव ने की जूनियर एबी की तारीफ, बोले- टी20 में तिहरा शतक लगाओ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सूर्यकुमार यादव और साउथ अफ्रीका के युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस की बल्लेबाजी की तुलना एबी डिविलियर्स से की जाती है। सूर्या की विशाल रेंज और लैप शॉट खेलने की क्षमता के कारण उनकी तुलना डिविलियर्स से होती है तो दक्षिण अफ्रीका के ब्रेविस ने जबसे घरेलू टी20 मैच के दौरान 57 गेंदों पर 162 रन बनाया है तबसे लोग उन्हें 'बेबी एबी' के नाम से बुलाते हैं शनिवार को, भारतीय स्टार ने दक्षिण अफ्रीका के युवा खिलाड़ी को नवंबर 2022 में सीएसए टी20 चैलेंज में नाइट्स के खिलाफ टाइटंस के लिए अपनी विस्फोटक पारी को दोहराने की चुनौती दी, जबकि वह आगामी एसए20 में एमआई केप टाउन के लिए खेल रहे हैं। सूर्यकुमार और दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाजी सनसनी ब्रेविस ने हाल ही में एक वीडियो कॉल पर बात की।एमआई टीवी पर साझा किया गया 10 मिनट का वीडियो दोनों के बीच मस्ती, हंसी-मजाक से भरपूर है। दक्षिण अफ्रीका के प्रतिभाशाली अनकैप्ड क्रिकेटर ने एक नहीं बल्कि दो बड़ी लीग में एमआई परिवार का हिस्सा बनने पर खुशी जताई आईसीसी टी20 रैंकिंग में नंबर एक सूर्या ने युवा बल्लेबाज की सराहना की। अपने मजाकिया अंदाज में बातचीत शुरू करते हुए स्काई ने चुटकी लेते हुए कहा, ठपिछली बार मैंने आपको टी20 मैच में 50-55 गेंदों पर 160-165 रन बनाते हुए देखा था। तिहरा शतक लगाओ। जिसका जवाब देते हुए ब्रेविस ने कहा कि वह ऐसा करना पसंद करेंगे, लेकिन कहा कि वह परिस्थितियों का आकलन करके हर प्रारूप को अलग तरीके से अपनाएंगे। सूयार्कुमार ब्रेविस की 162 रन की पारी से हैरान थे और उन्होंने युवा खिलाड़ी से यह भी पूछा कि उन्होंने उस दिन क्या खाया था। जिस पर ब्रेविस ने खिलखिलाते हुए जवाब दिया, ठयह मेरे लिए एक और सामान्य दिन की तरह था। यह (वह पारी) बस हो गई। मुझे यह भी एहसास नहीं था कि मैं उस समय क्या कर रहा था, सब कुछ बस उसी समय हुआ, एक पॉइंट पर मैंने भी नॉन-स्ट्राइकर से कहा कि मुझे लगता है कि मैं कोशिश करूंगा और हर गेंद पर छक्का मारूंगा।भारतीय स्टार ने युवा खिलाड़ी को जवाब देते हुए कहा, मैं कभी-कभी आपको कॉपी करने की कोशिश करता हूं।



# साउथ अफ्रीका की हार से भारत को हुआ बड़ा फायदा



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सिडनी में ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेले गए तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला ड्रॉ रहा। बता दें कि इस सीरीज पर कंगारू टीम ने 2-0 से कब्जा कर लिया है। इसी कड़ी में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप टेबल में बड़ा फेरबदल देखने को मिला। ऑस्ट्रेलिया टीम सबसे ज्यादा अंक के साथ पहले पायदान पर विराजमान है, तो वहीं मेहमान टीम को इस सीरीज में करारी हार के बाद काफी नुकसान हुआ है। हालांकि भारतीय टीम को इस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की जीत से बड़ा फायदा हुआ है। ऐसे में जानते हैं इस सीरीज के बाद भारतीय टीम को कितने अंकों से फायदा हुआ हैदरअसल, ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया टीम को शानदार जीत हासिल हुई। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की प्वाइंट्स टेबल में नंबर 1 पर बरकरार है। वहं हार के साथ ही साउथ अफ्रीका विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की दौड़ से पिछड़ गई है। बता दें कि साउथ अफ्रीका इस वक्त प्वाइंट्स टेबल पर76 अंक के साथ चौथे नंबर पर है। अफ्रीका की हार से भारतीय टीम को फायदा हुआ है। भारतीय टीम इस वक्त 99 अंक के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में दूसरे पायदान पर मौजूद है। इसके अलावा लिस्ट में पांचवे नंबर पर इंग्लैंड और छठे नंबर पर वेस्टइंडीज टीम मौजूद है। कंगारू टीम का फाइनल में एंट्री करना बिलकुल तय माना जा रहा है, वहीं भारतीय टीम, श्रीलंका और साउथ अफ्रीका के बीच जंग देखने को मिल सकती है। बता दें कि साउथ अफ्रीकी टीम सिर्फ तब ही अब फाइनल में जा सकती है जब आगामी सीरीज में न्यूजीलैंड दोनों मुकाबलों में श्रीलंका को हरा दे और ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को चारों टेस्ट मैच मात दे। बता दें कि भारतीय टीम फाइनल में एंट्री तभी बना सकती है अगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत सीरीज जीत जाए। इसके साथ ही अगर श्रीलंका की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज हार जाती है तो भारत को इससे बड़ा फायदा मिलेगा।

# राशिफल

**मेष-:** तली-भुनी चीजों से दूर रहें और नियमित व्यायाम करते रहें. घरेलू सुख-सुविधा की चीज़ों पर ज़रूरत से ज़्यादा खर्च़ न करें। पिता का तल्ख बर्ताव आपको नाराज़ कर सकता है।

**वृष-:** जीवन की सभी कठिन परिस्थितियों में आपको अपने माता-पिता का पूरा सहयोग मिलेगा. जो लोग प्रेम के मोर्चे पर मायूस महसूस कर रहे हैं।

**मिथुन-:** क्षणिक क्रोध विवाद और दुर्भावना का कारण बन सकता है. मनोरंजन और सौन्दर्य वृद्धि पर आवश्यकता से अधिक समय व्यतीत न करें।

**कर्क-:** आज सभी ग्रह और सितारे आपके पक्ष में हैं, आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी. आज के दिन यात्रा की योजना बन सकती है।

**सिंह-:** आपकी इच्छा शक्ति को प्रोत्साहन मिलेगा, क्योंकि आप बहुत उलझी हुई परिस्थितियों से निकलने में क़ामयाब रहेंगे. भावनात्मक फैसले लेते समय अपनी तार्किकता को न छोड़ें।

**कन्या-:** प्रेम के मामले में सफलता मिलेगी. नए कार्यों की शुरुआत करना शुभ रहेगा। आज अपने प्रिय के साथ अपनी व्यक्तिगत भावनाओं और गोपनीय मामलों को साझा करने का सही समय है।

**तुला-:** जो लोग आपके पास कर्ज के लिए आते हैं, बेहतर होगा आप उन्हें नजरंदाज करें. पारिवारिक मोर्चे पर चीज़ें अच्छी रहेंगी और आप अपनी योजनाओं को पूरा समर्थन मिलने की उम्मीद कर सकते हैं।

**वृश्चिक-:** छात्रों के लिए दिन अनुकूल है क्योंकि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। जमीन-जायदाद संबंधी कार्य स्थगित करना आपके हित में रहेगा।

**धनु-:** इससे पहले कि नकारात्मक विचार मानसिक रोग का रूप लें, आपको उन्हें समाप्त कर देना चाहिए. आप किसी परोपकारी कार्य में हिस्सा लेकर ऐसा कर सकते हैं।

**मकर-:** लंबे समय से चली आ रही दिक्कतों से आज आपको छुटकारा मिल सकता है. आगे बढ़ने के बजाय अपने सभी आगामी कार्यों को पूरा करना ही समझदारी होगी।

**कुंभ-:** भावनात्मक रूप से बहुत अच्छा दिन नहीं रहेगा. आर्थिक समस्याओं के कारण आपको आलोचना और वाद-विवाद का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन-:** आज आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे, जिसका असर आपके आसपास के लोगों पर भी पड़ेगा. खुद के काम से समय निकालकर परिवार के साथ अधिक समय बिताना संभव नहीं होगा।





## सम्पादकीय

# मिट जाना ही जिनकी नियति है, पाकिस्तान में हिंदुओं के साथ बर्बरता के किस्से नए नहीं

बीते सप्ताह भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची को यह कहना पड़ा कि पाकिस्तान को अपने यहां के अल्पसंख्यकों के प्रति जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने यह बात पाकिस्तान के सिंध प्रांत के संघार जिले की हिंदू विधवा दया भील की बर्बर तरीके से हुई हत्या के सिलसिले में कही। दया भील का सिर तन से जुदा करने के साथ उनके शव को बुरी तरह क्षत-विक्षत कर दिया गया था। उनके साथ दुष्कर्म करने के बाद उनकी खाल तक उतार ली गई थी। पाकिस्तान में हिंदुओं के साथ ऐसा बर्बर व्यवहार नई बात नहीं। वहां आए दिन हिंदुओं पर इसी तरह कहर बरपाया जाता है। इस तरह की घटनाओं का पाकिस्तान का राष्ट्रीय मीडिया मुश्किल से ही संज्ञान लेता है। वह तब भी मौन धारण किए रहता है, जब पीड़ित-प्रताड़ित हिंदू धरना-प्रदर्शन करते हैं। अधिकतर मामलों में हिंदुओं के उत्पीड़न, अपहरण, हत्या की खबरें स्थानीय स्तर पर प्रचारित-प्रसारित होकर रह जाती हैं। पाकिस्तान में हर दिन किसी न किसी हिंदू या ईसाई लड़की का अपहरण कर उसका किसी मुस्लिम से जबरन निकाह कराया जाता है, यह झूठ प्रचारित करके कि उसने स्वेच्छा से इस्लाम स्वीकार कर लिया। अंतरराष्ट्रीय मीडिया माध्यमों के अनुसार पाकिस्तान में प्रति वर्ष अल्पसंख्यक समुदायों की करीब एक हजार लड़कियों का अपहरण और जबरन निकाह कराया जाता है। अधिकतर शिकार हिंदू लड़कियां बनती हैं और अधिकांश मामलों में निकाह उन्हीं से होता है, जो इन लड़कियों का अपरहण करते हैं। अपहरण करने वालों का साथ मुल्ला मौलवी, पुलिस और न्यायाधीश यानी पूरा तंत्र देता है। ऐसे ही एक कुख्यात मौलवी मियां मिट्ठू को हाल में ब्रिटेन की सरकार ने प्रतिबंधित किया है। मियां मिट्ठू अब तक सैकड़ों हिंदू लड़कियों को कथित तौर पर उनकी मर्जी से इस्लाम में दाखिल करा चुका है। वह कई दलों से जुड़ा रहा है। पाकिस्तान के इने-गिने मानवाधिकार कार्यकर्ता, पत्रकार या फिर यू ट्यूब पर सक्रिय एक्स मुस्लिम उसके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करते रहे हैं, लेकिन ऐसा कुछ होने के बजाय उसे राजनीतिक दलों का संरक्षण ही मिलता रहा है। इसी कारण ब्रिटेन ने उस पर पाबंदी लगाई है, लेकिन इसके प्रति सुनिश्चित हुआ जा सकता है कि, इससे उसकी या पाकिस्तान की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ने वाला। पाकिस्तान में 95 प्रतिशत मुस्लिम हैं और शेष पांच प्रतिशत अन्य समुदाय। इनमें सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय हिंदू है, लेकिन कुल जनसंख्या में उसकी भागीदारी लगभग डेढ़ प्रतिशत बची है। मुस्लिम बाहुल्य पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों को छल-बल से अपने दीन यानी इस्लाम में लाने की ऐसी सनक सवार है कि उनकी लड़कियों का उनके बालिग होने के पहले ही अपरहण कर लिया जाता है। लड़की चाहे 13 साल की हो या 14 की, थाने और अदालतें उसे 18 साल की ही साबित करक दम लेती हैं। पाकिस्तान में हिंदू लड़कियों की स्थिति कुछ वैसी ही है, जैसी एक समय इस्लामिक स्टेट के इलाके में यजीदी महिलाओं की थी। विभाजन के समय पश्चिमी पाक यानी आज के पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी करीब 14 प्रतिशत थी। जिस दर से उनकी आबादी घटी है, उससे यह तय है कि अगले कुछ दशकों में वहां अंगुलियों पर गिने जाने लायक हिंदू ही बचेंगे-ठीक वैसे ही जैसे अफगानिस्तान में बचे हैं। इसका बड़ा कारण अल्पसंख्यकों और खासकर हिंदुओं के प्रति पाकिस्तान के शासन और समाज में व्याप्त घृणा है। यह इस हद तक है कि स्कूली किताबों में उन्हें हीन और नापाक बताया जाता रहा है। इसी कारण अल्पसंख्यकों को उत्पीड़न से बचाने वाले प्रस्तावित विधेयक कानून का रूप नहीं ले पा रहे पाकिस्तान में अल्पसंख्यक न केवल तिरस्कार के चलते हाशिये पर हैं, बल्कि वे कानूनी रूप से भी दोयम दर्जे के नागरिक हैं। वहां जब सफाई कर्मियों की भर्ती निकलती है तो यह साफ लिखा होता है कि केवल हिंदू और ईसाई ही आवेदन कर सकते हैं। पाकिस्तान ने अल्पसंख्यकों के दमन के लिए तमाम तरीके अपना रखे हैं। इनमें सबसे खतरनाक है ईशनिंदा कानून। किसी पर हमला करने, पीट-पीटकर मार डालने या जेल भेज देने के लिए यह अफवाह पर्याप्त होती है कि उसने ईशनिंदा की है।

# नफरत का बाजार खोलने वाले, जनसेवा के लिए राजनीति एक मात्र विकल्प नहीं

भारत में इस समय न केवल सत्ता से दूर भेजे गए दल और नेता दुखी हैं, बल्कि वे बुद्धिजीवी भी, जो पिछले आठ वर्षों से शासन प्रदत्त सुविधा-सम्मान से वंचित हैं। किसी को केवल नफरत ही हर तरफ दिखाई देती है, तो किसी को देश में रहने में डर लगता है। इसी तरह किसी को संवैधानिक संस्थाओं की घटती साख की चिंता है तो कितने ही भ्रष्टाचार की जांच-पड़ताल करने वाली संस्थाओं की सक्रियता के कारण दुखी-पीड़ित हैं। वे अनजाने ही मनोरंजन के कितने अवसर प्रदान करते रहते हैं। मैंने पहली बार यह ज्ञान पाया कि चूंकि मैं सर्दी में गरम कपड़े पहनता हूं तो उसका कारण यह है कि मैं सर्दी से डरता हूं। देश में मेरे जैसे डरने वाले लोगों की संख्या का अनुमान लगाइए। जनता अभिव्यक्ति की इस आजादी का भी आनंद ले रही है। जिसे 75 साल में पहली बार घर मिला, बिजली, गैस का चूल्हा, शौचालय मिला, बैंक का खाता खुला, डीबीटी से पैसे बिना कमीशन कटे आए, पेंशन मिली, किसान सम्मान निधि मिली, स्वास्थ्य-लाभ की संभावना मिली, उसका सोच सकारात्मक है और रहेगा। उसे सरकार की नीयत पर विश्वास है। इस विश्वास को डिगा पाना उनके द्वारा कैसे संभव होगा, जो उसे और कुछ नहीं दे सके, केवल दशकों तक सत्ता में रहकर केवल 'अपने और अपनों' तक ही सीमित रहे।सार्वजनिक जीवन में सक्रिय होने के लिए राजनीति का ही मार्ग चुनना एकमात्र विकल्प नहीं है, यद्यपि अनेकानेक जाने-माने चेहरे इसी भ्रम से ग्रसित रहते हैं। उनका जीवन लक्ष्य केवल चुनाव जीतना और पद प्राप्त करना ही रह जाता है। राजनीति एक सशक्त विकल्प उन्हीं के लिए है, जो जनसेवा का सार-तत्व समझ चुके हों, पंक्ति के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के जीवन की अपूर्णता से तादाम्य स्थापित कर चुके हों और जो भोगे हुए यथार्थ से गुजर चुके हों। जनता ने लालबहादुर शास्त्री के समय यह अनुभव किया था। उनके एक अनुरोध पर लोगों नें सप्ताह में एक बार भोजन बंद कर दिया था यदि पूर्वाग्रहों से दूर रहकर देखा जाए तो नरेन्द्र मोदी ने जब गैस सब्सिडी छोडने का अनुरोध किया तो करोड़ों लोगों ने वैसा किया। ऐसा तभी होता है जब अनुरोध करने और उसे स्वीकार करने वाले के मध्य स्नेह का बंधन हो। इस बंधन को समझने के लिए देश को जानना आवश्यक है। प्यार करने के पहले प्यार को समझना आवश्यक है। ङ्क्षप्रेम न बाड़ी उपजे, प्रेम न हाट बिकाय। राजा परजा जेहि रुचे, शीस देय लय जाय।ङ्ग जो प्रेम करता है, उसे नफरत के बाजार में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। उसे नफरत से तिरस्कृत किए गए लोगों की आत्मा की जलन दिखाई देती है और वह सब कुछ छोड़कर उसे बुझाने में लग जाता है। नफरत का एक बाजार गोधरा में खोला गया था। वह उस विचार की परिणति थी जिसे अपने छुद्र राजनीतिक लाभ के लिए एक समुदाय विशेष को रेवड़ियां बांटकर बहलाया जाता रहा। वह उसी नफरत के बाजार की देन था, जिसमें हिंसक तत्वों न फरवरी 2002 में 50 से ज्यादा कारसेवकों को साबरमती एक्सप्रेस में जिंदा जला दिया था। कारसेवक अयोध्या से आ रहे थे। साबरमती एक्सप्रेस को घेर कर हजार से अधिक की जो भीड़ एकत्रित हुई थी, वह नफरत के बाजार की उपज थी। लोग अंदर जलते रहे, भीड़ देखती रही। आज अनेक अपराधों को प्रतिक्रिया कहकर उसे सही ठहराने वाले कैसे भूल गए कि गोधरा कांड की भी प्रतिक्रिया होनी ही थी। वह हुई और उसके नतीजे में दंगे हुए। इसमें 790 मुस्लिम और 254 हिंदू मारे गए। जो दंगों में मारे गए, उनके लिए गुजरात सरकार और केंद्र सरकार अपने सारे संसाधन लगाए, मगर नफरत के सौदागरों ने अपने लिए अभूतपूर्व संभावना देखी। बाद में जो नैरेटिव पूरे जोर-शोर से बनाया गया, उसमें सबसे बड़ा दोष नरेन्द्र मोदी का था और दंगों के दोषी केवल हिंदू थे। जो आज मोहब्बत की दुकान की बात करते हैं, वे तब से लेकर अब तक लगातार नफरत ही फैलाते रहे हैं। मौत के सौदागर से लेकर चौकीदार चोर है तक की यात्रा करने वाले यह समझ नहीं पाए कि लोगों ने अब स्वयं विश्लेषण करना सीख लिया है। उन्होंने नरेन्द्र मोदी के काम को नहीं, उनकी नीयत को भी परखा है। अब इंडिया हैबिटेट सेंटर से लेकर कोरापुट और बनासकांठा के गांवों तक की चर्चाओं में सम्मिलित लोग नेताओं की नीयत परखने में कोताही नहीं करते। वे आंख मूंदकर या नारे सुनकर उनके कथन को स्वीकार नहीं करते। जनता जब प्यार करती है, दिल खोलकर करती है। 1977 में यही हुआ था। जब जनता ने 2014 में मोदी को चुना, तब तक उनकी राजनीतिक चैतन्यता और अधिक प्रखर हो चुकी थी। 2019 तक देश यह समझ चुका था कि उनका चयन सही था। जो नरेन्द्र मोदी के आने से सशंकित थे या किए गए थे, उन्हें भी विश्वास हो गया कि मत, पंथ, जाति या ऐसे ही किस भेद-विभेद के आधार पर कोई पक्षपात नहीं हुआ है। नरेन्द्र मोदी ने असीमित नफरत को झेलकर लोगों के दिलों में जगह बनाई है। इसे उस अमेरिका ने भी स्वीकार करनें में देरी नहीं की, जो कुछ प्रगतिशील और उदारवादी भारतीयों के प्रयासों के कारण उन्हें वीजा नहीं दे रहा था। आज अमेरिका ही क्यों, सारा विश्व भारत को सिर आंखों पर बैठा रहा है। जो इस सत्य से आंखें मूंदे रहेंगे, वे अपने अस्तित्व पर ही आगे भी प्रहार करते रहेंगे। स्वार्थरहित और जनसेवा प्रेरित विपक्ष देश की आवश्यकता बना रहेगा। इसे वे ही पूरा कर सकेंगे, जो अपने अंदर झांककर अंतर्मन की यात्रा पर अग्रसर होने की क्षमता विकसित कर सकेंगे।



# कठिन दौर में कैसा हो आगामी बजट, वैश्विक और घरेलू परिस्थितियों पर एक साथ देना होगा ध्यान

अगले महीने देश का आम बजट पेश होने जा रहा है। यूं तो बजट को संतुलन साधने की कवायद ही कहा जाता है, लेकिन इस बार सरकार के समक्ष यह चुनौती और बड़ी होने जा रही है। जहां वैश्विक अस्थिरता से अर्थव्यवस्था की सेहत पर असर पड़ रहा है, वहीं अगले साल सरकार को चुनावी परीक्षा में भी उतरना है। ऐसे में बजट में कुछ ऐसी लचीली रणनीति अपनानी होगी, जिसमें राजकोषीय तस्वीर भी न बिगड़े और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को निरंतर गति मिलती रहे। इसमें कोई संदेह नहीं कि वैश्विक परिस्थितियों ने इस समय तमाम गणित बिगाड़ दिए हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध से कई देशों में महंगाई बेलगाम हो गई है। इससे मांग पर असर पड़ा है और वैश्विक मंदी की आशंका गहराने लगी है। इसे लेकर भी कुछ नहीं कहा जा सकता कि इन आकार लेती परिस्थितियों से निपटने के लिए पश्चिमी देशों के केंद्रीय बैंक किस रणनीति का अनुसरण करते हैं। वहीं कोविड को लेकर नई आशंकाओं ने भी चिंता बढ़ाई है। इन पहलुओं को देखते हुए हमारे आर्थिक नीति-नियंताओं को बजट को अंतिम रूप देते समय बहुत मशक्कत करनी होगी। वैश्विक रुझान इसलिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने का असर पूरी दुनिया पर पड़ा है। भारत में भी रिजर्व बैंक ने मई से जो दरें बढ़ानी शुरू की हैं, उसका असर अगले वित्त वर्ष की वृद्धि पर देखने को मिल सकता है। चालू वित्त वर्ष में जीडीपी की नामिनल वृद्धि 15 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो अगले वित्त वर्ष में घटकर 10.5 प्रतिशत से 11 प्रतिशत के दायरे में रह सकती है। इसका अर्थ होगा कि राजस्व वृद्धि में भी कुछ सुस्ती आएगी, जिससे खुले हाथ से खर्च के लिए गुंजाइश भी घट जाएगी। इसलिए सरकार को सोच-समझकर कदम आगे बढ़ाने होंगे। सरकार आवश्यक खर्चों और सब्सिडी से मुंह नहीं फेर सकती। असल में संवेदनशील वर्गों के लिए ऐसा संरक्षण आवश्यक है। इसीलिए सरकार खाद्य सब्सिडी पर खर्च को निरंतर जारी रखे हुए है। जहां तक उर्वरक और ईंधन सब्सिडी का प्रश्न है तो यह अंतरराष्ट्रीय कारकों पर निर्भर करेगा। हाल-फिलहाल इनकी अंतरराष्ट्रीय कीमतों में अपने चरम से कुछ नरमी आई है, जो सरकार के लिए राहत की बात है, लेकिन यदि यह रुझान बदला तो सरकार का हिसाब बिगड़ेगा। ऐसे में, यही संभावना अधिक है कि बजट में सरकार इन सब्सिडी को लेकर यथास्थिति कायम रखेगी। बजट में सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता ऐसे परिवेश को प्रोत्साहन देने की होनी चाहिए, जिसमें उपभोग के बजाय निवेश और क्षमता निर्माण को गति मिले। यदि उपभोग पर अधिक ध्यान केंद्रित हुआ तो महंगाई के विरुद्ध रिजर्व बैंक की मुहिम निस्तेज पड़ेगी। यह मोर्चा इसलिए भी मुश्किल है, क्योंकि वैश्विक मांग सुस्त होने की स्थिति में घरेलू मांग का ही अधिक सहारा रह जाता है। ऐसे में सरकार को ऐसे प्रयास करने होंगे कि महंगाई पर दबाव बढ़ाए बिना ही इस राह पर गाड़ी आगे बढ़ जाए। करदाताओं की ओर से करों में राहत दिए जाने का दबाव होगा, लेकिन इस मांग की पूर्ति के लिए भी सरकार के पास गुंजाइश नहीं है। इसके बजाय सरकार को क्षमता विस्तार से जुड़े निवेश पर फोकस करना होगा। इसके अलावा उत्पादन आधारित प्रोत्साहन यानी पीएलआइ जैसी योजनाओं का दायरा बढ़ाना होगा। जलवायु परिवर्तन इस समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। इसके चलते प्रतिकूल मौसम परिस्थितियां फसल चौपट करने से लेकर सामान्य गतिविधियों को प्रभावित कर उत्पादकता को घटाती हैं। यह बिल्कुल सही समय है कि सरकार इस ओर ध्यान दे। बड़ी कंपनियों के पास तो हरित तकनीक की ओर कूच करने के लिए पर्याप्त संसाधन हैं, लेकिन आम तौर पर छोटे उद्यमों के पास उनका अभाव है। उन्हें हरित ऊर्जा की ओर उन्मुख करने के लिए सरकार को ही आगे आना होगा। इस मामले में जितना विलंब होगा, उतना ही दूरगामी नुकसान होता रहेगा। असल में, जलवायु परिवर्तन से जुड़े उपायों पर खर्च बढ़ाने से किसानों सहित तमाम अंशभागियों को लाभ पहुंचेगा। इसके साथ ही कृषि जैसे क्षेत्र से जुड़ी अवसंरचना और अन्य सहयोगी पहलुओं पर ध्यान देना होगा। इसे समझने के लिए इस वर्ष प्याज की कीमतों के रुझान की चर्चा उपयोगी होगी। इस वर्ष प्याज उत्पादन वाले कई प्रमुख इलाकों में वर्षा की वजह से फसल को नुकसान हुआ, लेकिन प्याज के दाम बहुत ज्यादा नहीं बढ़े। ऐसा इसलिए, क्योंकि सरकार ने भंडार में संग्रहित प्याज को आपूर्ति के लिए खोल दिया। इसलिए विशेषकर कृषि जैसे उत्पादों के लिए आवश्यक इकोसिस्टम बनाने के लिए बजट में विशेष प्रविधान किए जाएं, ताकि उत्पाद बिल्कुल भी बर्बाद न हो और उनकी निरंतर आपूर्ति से कीमतें भी स्थिर रहें। मोदी सरकार का अभी तक का रिकार्ड यही कहता है कि वह बजट में भारी लोकलुभावन घोषणाओं से बचती आई है और उसे देखते हुए इस बार भी यही लगता है कि बजट में राजनीति पर अर्थनीति को ही वरीयता मिलेगी। यह समय की मांग भी है, क्योंकि वैश्विक परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण बनी हुई हैं, जिससे भारत पर भी दबाव बढ़ा है। ऐसी स्थिति में भी सरकार यदि राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 6.4 प्रतिशत के दायरे में रखने में सफल रहती है तो यह प्रशंसनीय होगा। मौजूदा स्थिति में चालू वित्त वर्ष में भारत की सात प्रतिशत की वृद्धि दर बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे बेहतर होगी और अगले अत्यंत चुनौतीपूर्ण वर्ष में उसके छह प्रतिशत रहने का अनुमान भी हालात के हिसाब से बुरा नहीं कहा जाएगा। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह बजट में तार्किक रूप से खर्च करे, ताकि आर्थिकी सही दिशा में आगे बढ़े।




# महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित था सावित्रीबाई का जीवन

03 जनवरी को देश की पहली महिला शिक्षक और समाज सेविका सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई जा रही है। 3 जनवरी 1831 को सावित्रीबाई फुले का जन्म महाराष्ट्र के सतारा जिले के नायगांव में हुआ था। इनके पिता का नाम खन्दोजी नैवेसे तथा माता का नाम लक्ष्मी था। ज्यादा समय वह अपने पिता के घर में नहीं रहीं। परिजनों ने सावित्रीबाई फुले की शादी महज 09 साल की उम्र में कर दी थी। जब सावित्रीबाई की शादी हुई थी, उस समय वह पढ़ना-लिखना नहीं जानती थी। उनके पति ज्योतिराव फुले सावित्रीबाई से 04 वर्ष बड़े थे। ज्योतिराव फुले चाहते थे कि उनकी पत्नी भी पढ़े-लिखे, इसलिए उन्होंने सावित्रीबाई का पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़ाया। ज्योतिराव फुले भी शादी के दौरान कक्षा तीन के छात्र थे, लेकिन तमाम सामाजिक बुराइयों की परवाह किए बिना सावित्रीबाई की पढ़ाई में पूरी मदद की। जिन दिनों वह लोगों के मिथक को तोड़ने के लिए जूझ रही थी, लोग उसे कोरी कल्पना ही समझ रहे थे, लेकिन धीरे-धीरे साबित हो गया कि सावित्रीबाई फुले ने जीया तो औरों के लिए। सावित्रीबाई फुले जिस मिशन को लेकर निकलीं थीं, आज हमारी केंद्र सरकार उसे आगे बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन उस धारा में काम कर रहा है, जिसकी सदैव प्रशंसा होती रहेगी। सावित्रीबाई फुले ने पति के कहने पर पढ़ाई का मन बनाया और स्कूल जाने लगीं। यह उनके लिए बड़ा कठिन दौर था। जब वह स्कूल जाती थीं, लोग उन पर अभद्र टिप्पणी करते तथा कीचड़ फेंकते थे। सावित्रीबाई को स्कूल जाते समय चोटें भी आईं। कुछ लोग नहीं चाहते थे कि वह पढ़ाई करें, इसलिए सावित्रीबाई के स्कूल जाते समय उन पर कंकड़-पत्थर फेंकते थे। उस समय देश में छुआ-छूत, सती प्रथा, बाल-विवाह और विधवा विवाह जैसी कुरीतियां हावी थीं।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छे नहीं आसार, शांति के लिहाज से 2023 के भी कुछ बेहतर रहने की उम्मीद नहीं

बीता साल शांति के नहीं, बल्कि सशस्त्र टकराव के नाम रहा। जहां रूस ने यूक्रेन पर हमला बोल दिया तो यमन और सीरिया से लेकर इथियोपिया तक युद्ध की आग भड़कती रही। इस बीच कई देशों में आंतरिक संघर्ष भी तेज होता गया। पाकिस्तान-अफगानिस्तान बेल्ट से लेकर म्यांमार और नाइजीरिया में ऐसा देखने को मिला। हालांकि दुनिया पर अगर किसी ने सबसे ज्यादा असर डाला तो यह यूक्रेन में छिड़ा वह युद्ध ही था, जिसने वैश्विक ऊर्जा और खाद्य संकट उत्पन्न कर दिया और इससे तमाम देश बुरी तरह प्रभावित हुए। ऐसे में कुछ सवाल स्वाभाविक हैं। क्या 2023 अंतरराष्ट्रीय शांति और स्थिरता के लिए बेहतर सिद्ध होगा? क्या इस साल वैश्विक ऊर्जा और खाद्य संकट से कोई राहत मिलेगी और कोविड-19 पर अंततः पूरी तरह नियंत्रण पाया जा सकेगा वैश्विक ऊर्जा बाजारों में उथल-पुथल से ऊर्जा संसाधनों के दाम खासे बढ़ गए हैं। इसकी एक वजह यूरोप की सस्ते रूसी ऊर्जा संसाधनों से किनारा करना रही, जिसने उसकी वृद्धि को शक्ति दी थी। वैश्विक ऊर्जा खपत में यूरोपीय संघ की 11 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसे देखते हुए एक ऐसे समय जब अंतरराष्ट्रीय तेल और एलएनजी आपूर्ति पहले से ही तंग है, तब उसके वैकल्पिक ऊर्जा संसाधनों की ओर पलायन के गहन वैश्विक दुष्प्रभाव दिखे। ऊर्जा की ऊंची कीमतों ने कई देशों में महंगाई को बेलगाम कर दिया, जिसने दैनंदिन जीवन को दुश्वार बना दिया। इसी परिदृश्य में इस साल वैश्विक मंदी की आहट सुनाई पड़ रही है। जब कोविड-19 की आशंका कमजोर पड़ती और जनजीवन सामान्य होता दिखने लगा तो चीन में कोविड की नई सुनामी ने वैश्विक स्तर पर नए संक्रमण का खतरा बढ़ा दिया है। तीन साल पहले चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के शासन ने घरेलू स्तर पर कोविड पर पर्दा डालने के फेर में एक वैश्विक महामारी को जन्म दिया। चीन ने हाल में अपनी शून्य कोविड नीति को एकाएक समाप्त कर सभी बंदिशें हटा दीं, जिसका नतीजा कोविड की जबरदस्त लहर के रूप में सामने आया और यह आशंका बढ़ गई है कि यह देश दुनिया में किसी नए वैरिएंट को भेज सकता है। इस आशंका को इसलिए भी बल मिलता है, क्योंकि कोविड की मौजूदा लहर को अपने ही देश में नियंत्रित रखने के बजाय चीन ने अंतरराष्ट्रीय आवाजाही से जुड़े सभी प्रतिबंध हटा लिए हैं। इस महामारी को लेकर चीन का रवैया शुरू से ही संदिग्ध रहा है। जब कोविड-19 उसकी सीमाओं के भीतर पनपा तो उसने वुहान और वायरस प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को विदेश जाने की अनुमति तो जारी रखी, लेकिन उनकी घरेलू आवाजाही प्रतिबंधित कर दी, ताकि वे बीजिंग, शंघाई और अन्य चीनी शहरों में कोरोना वायरस का संक्रमण न ले जाएं। जब थाइलैंड और दक्षिण कोरिया में कोविड के मामलों की कड़ी वुहान से जुड़ी, तब जाकर उसने 21 जनवरी, 2020 को अपने यहां कोरोना की बात मानी। तभी उसने यह भी माना कि इसका मानव से मानव में संक्रमण हो रहा है। उसके बाद भी कोविड की उत्पत्ति और वुहान की प्रयोगशाला से जोड़ी जा रही कड़ियों को लेकर चीन ने दुनिया को अंधेरे में रखा और अपनी ताकत से इससे जुड़ी जांच को प्रभावित किया। अब तक करीब 67 लाख लोगों का काल बन चुकी महामारी से भी स्वास्थ्य के मोर्चे पर नया संकट आसन्न दिखता है। याद रखें कि वुहान में विज्ञान की आड़ में मानवता के प्रति ऐसा खतरा उत्पन्न हुआ है, जो परमाणु हथियारों से भी खतरनाक है। 2022 शांति के लिहाज से बढ़िया नहीं रहा और नए शीत युद्ध के चलते 2023 के भी कुछ बेहतर रहने के आसार नहीं। अंतरराष्ट्रीय कानून जहां शक्तिशालियों के विरुद्ध शक्तिहीन होते हैं वहीं निर्बलों के विरुद्ध ताकतवर। अंतरराष्ट्रीय टकराव अक्सर तभी बढ़ते हैं, जब बड़ी शक्तियां अपनी सुरक्षा दायरे को बढ़ाने का प्रयास करती हैं। इसमें प्रतिद्वंद्वी या उभरती शक्तियों की काट के लिए अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार भी शामिल है। यदि किसी महाशक्ति को लगे कि उसके पारंपरिक प्रभाव वाले दायरे का देश प्रतिद्वंद्वी शक्तियों के पाले में जा रहा है तो वह इस दिशा को पलटने के लिए हरसंभव प्रयास करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दीदी की रसोई ट्रस्ट ने सैकड़ों जरूरतमंदों को कराया निशुल्क भोजन- गंगेश्वर दत्त शर्मा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** सामाजिक कार्यकर्ता व दीदी की रसोई ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा का जन्मदिन दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष- रितु सिन्हा, सचिव- सुरेश अग्रवाल, व गुड़िया देवी, राहुल भाटी, रेखा चौहान, सरिता आदि पदाधिकारियों ने शिव नगरी सेक्टर 17 नोएडा पर धूमधाम के साथ मनाकर जन्मदिन की उन्हें बधाई दी। केक काटने के बाद ट्रस्ट की अध्यक्ष रितु सिन्हा के नेतृत्व में शिव नगरी सेक्टर-17, नोएडा पर भंडारे का आयोजन कर सैकड़ों गरीब बच्चों व जरूरतमंद लोगों को निशुल्क भोजन का वितरण किया। इस



अवसर पर दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष व समाजसेवीका रितु सिन्हा, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था लगातार गरीब जरूरतमंद लोगों की सेवा में लगी रहती है और संस्था की ओर से अलग-अलग स्थानों पर प्रतिदिन गरीब जरूरतमंद लोगों, बच्चों को भोजन का वितरण किया जाता है और हमारा यह प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेगा। दीदी की रसोई ट्रस्ट के कार्यों की स्थानीय लोगों ने काफी सराहना किया और टीम सदस्यों का धन्यवाद व्यक्त किया।

### नोएडा कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की छात्रा साक्षी सिंह का चयन आर.डी. सी. में

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** पंचशील बालक इंटर कॉलेज नोएडा में आयोजित अंतर वाहिनी राष्ट्रीय कैडेट्स कोर्स शिविर प्रतियोगिता में 13वी उत्तर प्रदेश कन्या वाहिनी की टीम प्रथम स्थान प्राप्त की। जिसमें नोएडा कालेज आफ फिजिकल एजुकेशन की बीपीईएस तृतीय बर्ष की होनहार छात्रा साक्षी सिंह को बेस्ट कैडेट के पुरस्कार से सम्मानित किया गया और साथ ही साथ ठगार्ड ऑफ ऑनरठ के लिए चयन किया गया । यह कैडेट साक्षी सिंह की कड़ी मेहनत और परिश्रम का फल है। जिसकी सूचना फिजिकल एजुकेशन के विभाग के प्रमुख डॉ आशुतोष राय ने दी।

# मैहर एसबीआई बैंक द्वारा देवी जी को सौपे गए दो कचरा वाहन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मैहर।**एसबीआई बैंक द्वारा देवी जी धाम में शारदा प्रबन्धक समिति को दो कचरा दान गाड़ी दान में दी गई उक्त मौके पर कटनी बैंक के प्रबन्धक दीपक सिन्हा स्थानीय प्रबन्धक नीलू तिवारी व माँ शारदा प्रबन्धक समिति के प्रशासक व एसडीएम धर्मेंद्र मिश्रा



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशकार्य समिति सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी माँ शारदा शक्तिपीठ के पुजारी सुमित महराज जी पूर्व पार्षद प्रमोद सिंह शारदा प्रबन्धक समिति के उपयंत्री एसबी सिंह व समस्त कर्मचारी के साथ साथ स्थानीय जन भी रहे मौजूद एसबीआई बैंक के प्रबन्धक द्वारा कचड़ा गाड़ी की चाभी मन्दिर प्रशासक को सौप कर पूजा अर्चन किया गया निश्चय ही यह सराहनीय कार्य है जिसके लिए एसबीआई बैंक धन्यवाद की पात्र है उक्त मौके पर स्थानीय जगह विशेष साफ सफाई पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी ने कहा कि सफाई पर किसी भी प्रकार की कोई कमी न हो सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जावे एवम एसबीआई बैंक के प्रबन्धक द्वारा अन्य व्यवस्थाओं को मुहैया कराने की बात कही गई

# टीम इंडिया में 'को मिला नोएडा से बुलेट एक्सप्रेस' क्योंकि शिवम् मावी है फ़र्राटा बोलर-ज़बरदस्त फिनिशर और उभरते फील्डर



(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** भारतीय टीम को 2018 में अंडर-19 वर्ल्ड कप में जिताने वाले शिवम मावी अपनी पहली ही सीरीज में छा गए और उन्होंने अपने टी20 इंटरनेशनल डेब्यू सीरीज में ही इंडियन टीम में अलग छाप छोड़ी है । जी हाँ नोएडा के शिवम् मावी ने भारत और श्रीलंका में बीच चल रहे मैचों में जो धमाल मचाया है वो काबिले तारीफ़ है और इसके चलते आज नोएडा भाजपा ज़िलाध्यक्ष मनोज गुप्ता पहुँचे शिवम् मावी के घर उनको बधाई देने। वो इस उभरते खिलाड़ी से मिले और उसका उत्साह भी बढ़ाया साथ ही पूरे नोएडा का नाम रोशना करने पर शिवम् का धन्यवाद दिया। मनोज गुप्ता ने साथ ही प्रदेश के खेल मंत्री श्री गिरीश चंद यादव से भी शिवम् की फ़ोन पर बात करायी जहां मंत्री जी ने शिवम् मावी को नोएडा और उत्तर प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए बहुत शुभकामनाएँ दी और जल्द ही उनसे मिलने को कहा। इस मौक़े पर मनोज गुप्ता के साथ भाजपा के उमेश त्यागी, चमन अवाना, उमेश यादव, सोनू राणा, अखिलेश पाल, कुन्दन कुमार, विपिन झा, अनिल मावी, अरविंद कुमार आदि लोग भी मौजूद रहे।

# राहुल गांधी जी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में चले नोएडा के हरौला निवासी यतेन्द्र शर्मा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के लोनी गाजियाबाद से लेकर शामली तक राहुल गांधी के नेतृत्व में चली भारत जोड़ो यात्रा लोनी बॉर्डर से लेकर बागपत होते हुए शामली पहुंची शामली के बाद हरियाणा इसमे गांव हरौला निवासी उत्तर प्रदेश प्रदेश कांग्रेस सदस्य यतेन्द्र शर्मा,नोएडा अपने नेता मा0 राहुल गांधी जी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में साथ चलें कांग्रेस नेता यतेन्द्र शर्मा ने बताया कि मैंने अपने नेता मा0 राहुल गांधी जी को नोएडा सहित गौतम बुद्ध नगर की किसानों की व शिक्षा एवम चिकित्सा सहित अन्य समस्याओं को बताया कांग्रेस के वरिष्ट नेता उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य यतेन्द्र शर्मा,नोएडा ऐलम शामली से शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा सनोली बॉर्डर हरियाणा तक जो यात्रा पहुंची उसमें साथ चलने का यतेन्द्र शर्मा,नोएडा को मौका मिला था उन्होंने कहा कि मा0 राहुल गांधी जी भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक यात्रा जाएगी पूरे उत्तर प्रदेश में वास्तव में लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला पूरे उत्तर प्रदेश से लोग यात्रा में शामिल होने पहुँचे है यात्रा में नोएडा से पूर्व उत्तर प्रदेश कांग्रेस सदस्य सतेन्द्र शर्मा,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा उर्फ जीतू शर्मा,आउटरीच कांग्रेस नेता विक्रम चौधरी सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# कॉर्पोरेट जगत के शीर्ष एचआर लीडर्स व उद्योग विशेषज्ञ करेंगें सिरकत

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** ग्रेटर नॉएडा स्थित जीएल बजाज इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च संस्थान में मैचबोर्ड के सहयोग से भविष्य निर्माण के लिए शीर्ष रूझान विषय पर दो दिवसीय




जीएलबीआईएमआर एंड मैचबोर्ड यंग लीडर्स कॉन्क्लेव 2023 का शुभारम्भ किया गया। संस्थान की निदेशिका डॉ0 सपना राकेश ने सभी अथितियों का स्वागत करते हुए कहा की इस लीडरशिप कॉन्क्लेव का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आधुनिक कॉर्पोरेट जगत की बारीकियों के साथ साथ इसमें सफलता के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध करना है। कॉन्क्लेव में कॉर्पोरेट जगत के वरिष्ठ एचआर एवं उद्यौगिक क्षेत्र के विशेषज्ञ अगले दो दिन समकालीन मानव संसाधन विषय पर वर्कशॉप और पैनल डिस्कशन पर चर्चा करेंगे। कॉन्क्लेव के मुख्य वक्ता जीपीआर एच कंसल्टिंग एलएलपी के फाउंडर डॉ0 जीपी राय और अन्य वक्ताओं ने दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम की शुरुआत की। डॉ0 जीपी राय ने वांछित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए स्वयं को प्रबंधित करने की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कैसे गिग इकनॉमी और विघटनकारी नवाचार का भविष्य मैटिक्स भारत में मानव संसाधन परिदृश्य को बदल रहा है। जीएलबीआइएमआर की निदेशिका डॉ0 सपना राकेश ने आधुनिक व्यावसायिकता में प्रतिस्पर्धात्मक दबाव के प्रबंधन के लिए आजीवन सीखने की कला के बारे में बताया। एमडी मैचबोर्ड और डब्ल्यूडब्ल्यूएल फोरम की संस्थापक डॉ0 सागरिका घोषाल ने मानव संसाधन की वास्तविक अंतदृष्टि पर चर्चा करते हुए कहा कि कैसे मानव संसाधन प्रबंधक गिग इकनॉमी में कर्मचारियों को भर्ती करने और पदों पर कायम रखने की चुनौतियों से पर पाते है। सीएचआरओ ऐकेयूएमएस फार्मास्यूटिकल्स ग्रुप के अनिल गौर ने डिजिटल नेटि की वास्तविक क्षमता को उजागर करने के लिए स्वानुशासन के बारे में बताया। प्रतिभागी नूपुर ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक दिन उठाए गए हमारे कदम ऐसे होने चाहिये जो हमें सार्थक परिणाम दे। प्रो0 प्रियंका साधना, प्रो0 भावना भारद्वाज, डॉ0 पुनीत मोहन, प्रो0 याज्ञबाला कपिल, डॉ0 प्राची अग्रवाल और डॉ0 सुनीता चौधरी सहित आयोजन टीम के अन्य सदस्यों ने सभी अथितियों, प्रतिभागियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और समस्त छात्रों के प्रयासों और सक्रीय भागीदारी के लिए आभार प्रकट किया। जीएल बजाज एजुकेशनल इंस्टिट्यूट के वाइस चेयरमैन डॉ0 पंकज अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए डॉ0 सपना राकेश और कॉलेज के सभी अध्यापको को शुभकामनाए देते हुए सराहना की।

# इस्कॉन मंदिर में 22वीं अखिल भारतीय भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** सेक्टर 33 के इस्कॉन मंदिर के सभागार में भारत विकास परिषद द्वारा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता अखिल भारतीय भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न हुआ। भारत विकास परिषद की सम्पूर्ण भारत वर्ष में लगभग 1465 शाखाएं व 66000 परिवार सदस्य हैं त् पूरे भारत वर्ष में 79 प्रान्त व 10 रीजन हैं त् भारत को जानो प्रतियोगिता कुल पाँच चरण में पूर्ण होती है त् जिसमें लगभग 9700 विध्यालयौं से 13 लाख से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया ।इस प्रतियोगिता की विशेषता है कि इसमें सिर्फ और सिर्फ भारत से सम्बंधित प्रश्न ही पूछे जाते है जिसके माध्यम से भारत के गौरवशाली एवं वैभवशाली इतिहास



और प्रगतिशील भारत की जानकारी बच्चों को दी जाती है। प्रथम चरण विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता, द्वितीय चरण अन्तर विद्यालय प्रतियोगिता, तृतीय चरण प्रान्त स्तरीय प्रतियोगिता, चतुर्थ चरण रीजन स्तरीय प्रतियोगिता और पांचवा और अंतिम चरण होता है राष्ट्र स्तरीय अखिल भारतीय भारत को जानो प्रतियोगिता त् आज अखिल भारतीय भारत को जानो प्रतियोगिता में 10 रीजन से कनिष्ठ वर्ग एवं वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीमों ने भाग लिया त् प्रतियोगिता का संचालन भारत को जानो के राष्ट्रीय चेयरमैन राकेश सचदेवा ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में महेश गुप्ता उपस्थित रहे। उन्होंने भारत विकास परिषद के इस प्रकल्प की बहुत प्रशंसा की, भारत के भविष्य यानि युवाओं को भारत के विषय में अद्भुत ज्ञान भारत विकास परिषद द्वारा प्रकाशित भारत को जानो नामक पुस्तिका के माध्यम से दी जाती है त् देश के समस्त विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम और अपने राष्ट्र कर्तव्य के साथ साथ अपने राष्ट्र पर गर्व करने के बोध को जाग्रत करने का कार्य किया जा रहा है । कार्यक्रम में नोएडा सांसद आदरणीय डॉ महेश शर्मा का विशिष्ट अतिथि के रूप में सानिध्य प्राप्त हुआ सभी अतिथियों ने मुक्त कंठ से कहा कि भारत माता की सच्ची सेवा यदि कहीं हो रही है।

# भारतीय किसान परिषद द्वारा नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ विदेशी राजदूतों को पत्र लिखने की तैयारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।**नोएडा सेक्टर 29 स्थित नोएडा मीडिया क्लब एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भारतीय किसान परिषद नोएडा प्राधिकरण




को चेतावनी दी है कि अगर अगले कुछ दिनों में उनके रवैया में कोई परिवर्तन नहीं आता तो जिन देशों में नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी घूमने गए थे उनके राजदूतों को पत्र लिखकर किसानों के साथ हो रहे अत्याचार से अवगत कराया जाएगा । साथ ही साथ जिन कॉर्पोरेट हाउस के साथ मीटिंग की जा रही है उनको भी पत्राचार के माध्यम से किसानों के विरोध से अवगत कराया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर किसान प्रतिनिधिमंडल उनके मुख्यालय पर बैठकर अपनी बात रखेंगे। जल्द ही एक किसान बचाओ यात्रा निकाली जाएगी जिसमें लाखों किसानों को जोड़ने की कवायद शुरू होगी और अगर हमारी समस्याओं का समाधान नहीं निकलता है तो यह लाखो किसान जनसमूह के रूप में नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ सड़क पर निकलने के लिए मजबूर होंगी जिन की संपूर्ण जिम्मेदारी जनप्रतिनिधि और नोएडा प्राधिकरण की होगी। भारतीय किसान परिषद की मुख्य मांगे 1. पिछले साल नोएडा प्राधिकरण पर हुए धरने के बाद जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुए करार कि किसी भी बिंदु को लागू नहीं किया जाना। 2. बोर्ड मीटिंग में आबादी के मुद्दे जिसमें 450 मीटर से 1000 मीटर तथा 10ज्ञ् प्रतिकर के मुद्दे को आज तक शासन स्तर पर नोएडा प्राधिकरण में सरकार द्वारा लंबित रखा जाना। 3. कमर्शियल एक्टिविटी तथा गैर पछताने लोगों को आबादी का लाभ देने के लिए नियमावली के मुद्दे को लंबित रखा जाना। 4. लगभग 5000000 मीटर जमीन उद्योगपतियों को बेच दी गई है तथा उसके पश्चात पूरे विश्व में तथा पूरे भारत में कॉर्पोरेट को जमीन देने के लिए इन्वेस्टर सम्मिट 2023 का आयोजन किया जा रहा है जिसमें नोएडा एक अग्रणी भागीदार के रूप में काम कर रहा है परंतु दूसरी तरफ आज तक किसानों की 10ज्ञ् भूमि प्लॉट के रूप में आवंटित नहीं की गई है जो कि करार के अनुसार 6 महीने में देनी तय हुई थी। जब किसानों के देने के लिए जमीन नहीं है तो उद्योगों को भूमि क्यों दी जा रही है। प्रेस वार्ता में मुख्य तौर पर मौजूद रहे आज की प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा, प्रवक्ता सुधीर चौहान मीडिया प्रभारी अशोक चौहान तथा विभिन्न ग्रामों के प्रधान जिनमें मुख्यता सुरेंद्र प्रधान सदरपुर, जयवीर प्रधान बहलोलपुर, चरण सिंह प्रधान वाजिदपुर, सूरज प्रधान शाहपुर गोवर्धनपुर, संजय प्रधान , आशीष चौहान सचिन अमाना प्रवीण चौहान, भरत भाटी, के साथ दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पंजाबी समाज का लोहडी कार्यक्रम 11 जनवरी को

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** पंजाबी समाज संस्था द्वारा 11 जनवरी को सेक्टर 52 स्थित रामा बैंकट हॉल में लोहड़ी के पर्व पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर नोएडा विधायक पंकज सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधि अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। समारोह सभी को एकजुट करने के मकसद से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के ढाई हजार से अधिक परिवार सदस्य हैं। इस कार्यक्रम के संयोजक संदीप मेहंदी रत्ता हैं वह आज प्रेस वार्ता में किन्ही कारणों से नहीं पहुंच सके। लोहड़ी प्रोग्राम में पंजाबी सिंगर आस्था अपने ग्रुप




में मशहूर पंजाबी कलाकार आस्था गिल व डीजे मनीष कार्यक्रम में धमाल मचाएंगे। नोएडा पंजाबी समाज के अध्यक्ष विपिन कुमार मंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 जनवरी को लोहड़ी का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नोएडा के विकास में पंजाबी समाज के लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। समाज के लोगों को पहचान दिलाने एवं के साथ प्रस्तुति देंगी डीजे मनीष, पंजाबी भांगड़ा ग्रुप एवं ढोल की धुन पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। प्रेस वार्ता में अध्यक्ष विपिन मल्हन, महासचिव सूरज वर्मा, टीएस अरोड़ा, जेपी उप्पल, राकेश कोहली, राजीव अजमानी, महेंद्र पाल सिंह, नीरू शर्मा, राहुल नैययर, रणधीर सिंह, अशोक शर्मा समय कार्यकारिणी के तमाम सदस्य उपस्थित रहे।

# ऑटो एक्सपो – द मोटर शो 2023 का 13 जनवरी से आगाज

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** भारत के ऑटोमोबाइल उद्योग की सबसे बड़ी द्विवर्षीय प्रदर्शनी - द ऑटो एक्सपो - मोटर शो 2023 का 13 से 18 जनवरी 2023 तक आयोजन होने जा रहा है। ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में इंडिया




एक्सपो मार्ट में आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 12 जनवरी 2023 को होगा। अपनी शुरुआत के बाद से ऑटो एक्सपो ने भारत में उपस्थिति स्थापित करने की कोशिश करने वाली ऑटोमोबाइल कंपनियों के लिए एक लॉन्चिंग पैड का काम किया है। प्रदर्शनी के इस 16वें संस्करण की थीम 'गतिशीलता की दुनिया की खोज' ('एक्स्प्लोर द वर्ल्ड ऑफ़ मोबिलिटी') है। यह थीम उद्योग की एक ज्यादा सुरक्षित, स्वच्छ, हरे-भरे और जुड़े हुए भविष्य के लिए पर्यावरण के अनुकूल दूरदर्शी सबसे अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के दृष्टिकोण से मेल खाती है। यह प्रदर्शनी दर्शकों को बदलते और क्रमिक रूप से विकसित होते मोबिलिटी इकोसिस्टम की समझ प्रदान करेगी और भविष्य के लिए तत्पर नए-नए तथा बेहतर समाधान पेश करेगी। सोसाइटी ऑफ़ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) के महानिदेशक, श्री राजेश मेनन ने मीडिया के प्रतिनिधियों को प्रदर्शनी देखने का निमंत्रण देते हुए कहा कि, उद्योग का लक्ष्य इस साल ऑटो एक्सपो में दर्शकों को एक नया आयाम और अनुभव प्रदान करना है जिससे कि वे आसानी से पर्यावरणके अनुकूल भारतीय मोबिलिटी की दुनिया को एक्स्लो कर सकें। ऑटो एक्सपो 2023 कंपनियों को नई पीढ़ी की विद्युतीकृत तकनीकों में प्रगति प्रदर्शित करने का मंच प्रदान कर रहा है। यहाँ उपभोक्ता को कार्बन-अनुकूल, सुरक्षित और संयुक्त गतिशीलता के रूपांतरण के लिए ऑटो उद्योग किस प्रकार तैयार हो रहा है, इसका अनुभव प्राप्त होगा। एथनॉल पर भी विशेष फोकस होगा। आगामी ऑटो शो के बारे में पहले ही से काफी उत्तेजना और अपेक्षाओं का माहौल बना हुआ है। हमें उम्मीद है कि ऑटो प्रशंसकों के लिए अपने प्रदर्शकों के सहयोग से हम एक शानदार प्रदर्शनी आयोजित कर सकेंगे ऑटो एक्सपो द मोटर शो 2023 में इस बार 48 वाहन विनिर्माताओं समेत 114 उद्योग हितधारकों का जमावड़ा देखने को मिलेगा। इस मोटर शो में पांच वैश्विक प्रीमियर समेत 75 से अधिक वाहनों के लॉन्च होने की उम्मीद है। मोटर शो के आगामी संस्?करण में 3 एक्सक्लूसिव पैवेलियन होंगे, जिसमें एथनॉल पैवेलियन में टीवीएस मोटर, हीरो मोटोकॉर्प होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया, बजाज ऑटो, यामाहा, मोटर इंडिया, सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर्स जैसे टू-व्?हीलर्स और फोर-व्?हीलर्स वाहन निर्माताओं द्वारा फ्लेक्स फ्यूल वाहन के वर्किंग प्रोटोटाइप को प्रदर्शित किया जाएगा। अन्य पैवेलियनों में सुपर कार पैवेलियन और विंटेज कार पैवेलियन शामिल हैं जिनमें बेहतरीन लग्जरी वाहनों और विंटेज कलेक्शंस का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा, ऑटो एक्सपो 2023 में ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) यात्री वाहनों, प्योर ईवी टू और थ्री व्?हीलर्स या प्योर ईवी व्यावसायिक वाहनों समेत सभी श्रेणियों में ईवी वाहनों के उत्पादन में विशेषज्ञता रखने वाले स्टार्ट-अप्स की अधिक भागीदारी देखने को मिलेगी। इस वर्ष, विभिन्न पावर ट्रेन वाहनों पर व्यापक ध्यान दिया जाएगा, जिसमें इथेनॉल, सीएनजी और एलएनजी जैसे गैसीय ईंधन, ईवी, हाईब्रिड और हाइड्रोजन समेत इलेक्ट्रिफिकेशन तकनीकें शामिल हैं और इनका प्रदर्शन उनके संबंधित पैवेलियन में किया जाएगा। यह एक्सपो दर्शकों और ऑटोमोबाइल के दीवानों के लिए 13 जनवरी से 18 जनवरी 2023 तक खुला रहेगा, जिसका समय सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक है। 13 जनवरी विशेष रूप से केवल व्यवसाय के लिए होगा, जिसके बाद 14 जनवरी से 18 जनवरी तक आम लोग प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकते हैं। एक्सपो में प्रवेश के लिए टिकट की दर प्रति व्यक्ति 350/- से 750/- रुपये तक है। 750/- रुपये प्रति व्यक्ति का टिकट केवल व्यवसाय विशिष्ट दिवस (13 जनवरी 2023) के लिए है, जिसके बाद सप्ताहांत के लिए टिकट की कीमत 475/- रुपये रखी गई है। ऑटो एक्सपो-द मोटर शो 2023 के लिए टिकट ख़ासतौर से आईइएमएल-ग्रेटर नोएडा के टिकट काउंटर तथा दिल्ली एनसीआर में कुछ मेट्रो स्टेशनों पर उपलब्ध हैं। मेट्रो - एक्वा लाइन, नॉलेज पार्क स्टेशन से सीधे ऑटो एक्सपो स्थल सड़क के आर-पार प्रदर्शनी के लिए आसान पहुंच प्रदान करेगा। ऑटो एक्सपो - द मोटर शो 2023 कुल 2,35,000 वर्गमीटर में फैला होगा, जिसमें कुल 64,000 वर्गमीटर के भीतर निर्मित क्षेत्र में प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनियां अपना प्रदर्शन करेंगी एक्सपो स्थल पर विविध प्रकार के फ़ूड ब्रांड्स उपलब्ध होंगे, जिनसे आगुन्तकों को अनेक विकल्पों से अपनी स्?वादेन्द्रियों को तृप्त करने का अवसर मिलेगा। हल्दीराम, केवेन्टर्स, चाय पॉइंट, चाट ऐंड चाय, दरियागंज, बरिस्ता, किंगडम ऑफ़ मोमोज, डोमिनोज पिज्जा, कोस्टा कॉफ़ी, वांगो आदि कुछ उल्लेखनीय नाम हैं। ऑटोमोटिव कॉम्पोनेन्ट मैन्युफैक्चरर्स असोसिएशन ऑफ़ इंडिया (एसीएमए) और कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) के सहयोग से सोसाइटी ऑफ़ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स द्वारा आयोजित, द मोटर शो 2023 इस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण ग्लोबल ऑटो शो की हैसियत बहाल रखेगा। एसआईएएम के विषय में सोसाइटी ऑफ़ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) शीर्ष राष्ट्रीय संगठन है जो भारत में प्रमुख वाहन और वाहन इंजन विनिर्माताओं का प्रतिनिधित्व करता है। ऑटोमोबाइल उद्योग को बढ़ावा देने के लिए, एसआईएएम दो वर्षों पर ऑटो एक्सपो - द मोटर शोङ्क का आयोजन करता है जो इसके परोपकारी उद्देश्यों के संवर्धन में मदद करता है। एसआईएएम इस दृष्टिकोण के साथ भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग के स्?थायी विकास के समर्थन की दिशा में काम करता है कि भारत ऑटोमोबाइल्स की डिजाइन और विनिर्माण के लिए विश्व में पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभर सके। यह भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता की वृद्धि, वाहनों की लागत में कमी, उत्पादकता में बढ़ोतरी और गुणवत्ता के वैश्विक मानकों की उपलब्धता की दिशा में सक्रिय है। एसआईएएम भारत में ऑटोमोबाइल उद्योग को एक विंडो मुहैया करता है और ऑटोमोबाइल्स से सम्बंधित आर्थिक एवं वाणिज्यिक नीतियों, तकनीकी विनियमों तथा मानदंडों के निर्माण में हितधारकों के साथ मिलकर काम करता है। यह भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग की ओर से हितधारकों को आर्थिक एवं सांख्यिकीय जानकारी और तकनीकी एवं लोक नीति सेवाएं प्रदान करता है। यह मासिक वास्तु मूल्य मॉनिटर और अन्य सावधिक रिपोर्ट्स प्रकाशित करता है तथा विषयगत प्रासंगिकता एवं उद्योग के हितों के विषयों पर सेमिनारों और वर्कशॉप्स का आयोजन करता है।

# मंडे टेस्ट में निकला 'सर्कस' का दम, नए साल पर भी सूना रहा टिकट विंडो

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** क्रिसमस 2022 के मौके पर रिलीज हुई रोहित शेट्टी की फिल्म सर्कस ने अभी तक ठीक कलेक्शन किया है। नवंबर में रिलीज हुई 'दृश्यम 2' को देखना लोग अब भी पसंद कर रहे हैं। यही वजह है कि अब हाउसफुल न का रुख करेंगे, लेकिन 'सर्कस' की कमाई देखकर ऐसा नहीं लगता। यह फिल्म 11 दिनों में अपनी लागत का आधा भी नहीं निकाल पाई है।



ठाक कमाई की है। फिल्म को लेकर शुरुआत से ही दर्शकों में बहुत ज्यादा क्रेज नहीं दिखा, जिसका खामियाजा मेकर्स को कम कलेक्शन से भुगतना पड़ रहा है। रोहित शेट्टी अपने आप में एक बड़ा नाम है और उनकी अब तक सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रहीं हैं। ऐसे में फिल्म 'सर्कस' से भी लोगों को काफी उम्मीदें रहीं। आइये जानते हैं कि 'अवतार 2' और 'दृश्यम 2' की आंधी में फिल्म ने कितना होने के बाद भी फिल्म अच्छी कमाई कर रही है। 'द।कश्मीर फाइल्स' और 'ब्रह्मास्त्र' के बाद यह 2022 की तीसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म बन गई है। इस शानदार फिल्म के बाद आई जेम्स कैमरून की 'अवतार 2' और यह मूवी भी धमाकेदार प्रदर्शन कर रही है। इन दो बड़ी फिल्मों की सक्सेस के बीच ही रणवीर सिंह स्टारर 'सर्कस' रिलीज हुई है। नए साल में उम्मीद की जा रही थी दर्शक सिनेमाघरों एक भारी भरकम स्टारकास्ट वाली फिल्म ने बेहद निराशाजनक प्रदर्शन किया है। 11 वें दिन फिल्म का कुल कलेक्शन 70-80 लाख रहा। अगर अभी तक के कलेक्शन की बात करें, तो पहले वीकेंड में फिल्म ने 20 करोड़ के आसपास की कमाई की थी। दूसरे हफ्ते का कलेक्शन मिलाकर फिल्म का कुल आंकड़ा 33 करोड़ के आसपास आ गया है। 'सर्कस' की ओपनिंग के साथ ही वीकेंड कलेक्शन भी पूअर रहा है।

# अक्षय कुमार ने मौत के कुआं से की शादी की तुलना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**अक्षय कुमार सोशल मीडिया पर जबरदस्त एक्टिव रहते हैं और अपने फैंस को एंटरटेन करने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। वह रविवार को न्यू ईयर का जश्न मनाने के लिए एक सर्कस पहुंचे थे, जहां से अब एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें वो एक ग्लोब की तुलना शादी से कर रहे अभिनेता ने लिखा फनी कैप्शन वहीं, इस वीडियो को ट्विटर हैंडल पर शेयर कर अभिनेता ने लिखा, कल अपने परिवार के साथ गुड ओल्ड सर्कस देखने का मौका मिला। जब पत्नी ने मुझसे पूछा कि यह व्यक्ति जो करतब दिखा रहा है वो क्या है। काश मैं उसको बता पाता ये शादी है।अक्षय कुमार का यह फनी



हैं। इस फनी वीडियो को अभिनेता ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर शेयर किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि अभिनेता ने अपने परिवार संग एक सर्कस में मौत का कुआं में एक शख्स करतब करता हुआ दिख रहा है, जिस पर ट्विंकल पूछती हैं कि ये कौन-सा खेल है तो अक्षय बताते हैं कि यह मौत का कुआं है। कैप्शन पढ़ने के बाद हर कोई अपनी प्रतिक्रिया दे रहा है और उनकी इस वीडियो को रीट्वीट कर रहा है। वहीं, कुछ दिनों पहले उन्होंने ट्विंकल खन्ना के बर्थडे पर एक वीडियो शेयर कर उन्हें बर्थडे की शुभकामनाएं दी थी। इस वीडियो में वो एक अंग्रेजी गाना गाते हुए फनी डांस करती हुई नजर आ रही हैं।

# शीजान के परिवार ने तुनिषा की मां पर लगाए गंभीर आरोप कहा- 'बेटी पर थोपे अपने सपने'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बीते साल टीवी शो अली बाबाः दास्तान-ए-काबूल के सेट पर अभिनेत्री तुनिषा शर्मा ने फांस लगा कर आत्महत्या कर ली थी। मृतक अभिनेत्री की मां वनिता शर्मा ने बीते हफ्ते शीजान खान जल्द ही जमानत अर्जी दाखिल करेंगे। मिड डे की खबर के अनुसार शीजान के परिवार ने अपने ऊपर लगे आरोप पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा, तुनिषा ने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट 10 साल की उम्र में अपना करियर शुरू किया था। वह बचपन से ही



और उनके परिवार पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। अब सोमवार आरोपी शीजान के परिवार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर शीजान के ऊपर लगे सभी आरोपों का खंडन किया है और उनके वकील ने कहा कि शीजान को बाहर निकालने के लिए बचपन से ही ओसीडी और एंग्जायटी से भी पीड़ित थीं। उनकी मां वनिता भी एक्ट्रेस बनना का सपने देख रहीं थीं, लेकिन वह एक्ट्रेस बनने में नाकाम रहीं और इसी वजह से उन्होंने अपनी बेटी को टीवी, फिल्म उद्योग में काम करने पर मजबूर किया।खबर के अनुसार, तुनिषा 24 दिसंबर को क्रिसमस मनाने के लिए बाहर जाने फैसला किया, लेकिन उनकी मां ने उन्हें नहीं जाने दिया और जबरदस्ती उससे नए शूट साइन कर दिए। वह बहुत उदास थी। लगभग मौत से 10 दिनों पहले तुनिषा को एंग्जायटी का दौरा पड़ा था और तब हम उससे मिलने गए थे। इस दौरान उसकी मां ने बताया कि उसे काम का काफी तनाव है। हमने उसे यह भी कहा कि वह उसको उद्योग में काम करने के लिए मजबूर न करें, क्योंकि वह अपनी जिंदगी को एन्जॉय करना चाहती है।वहीं, शीजान के वकील ने कहा- शीजान की कोई और गर्लफ्रेंड नहीं थी और उसने तुनिषा को धोखा नहीं दिया। उनका आपसी समझ के साथ ब्रेकअप हुआ था। हम जल्द ही शीजान की जमानत अर्जी दाखिल करेंगे, क्योंकि वो निर्दोष हैं और तुनिषा की मौत के पीछे शीजान एवं उसके परिवार की कोई भी संलिप्तता नहीं है। न्यायिक हिरासत में हैं शीजान आपको बता दें कि शीजान को अभिनेत्री की मां की शिकायत के बाद गिरफ्तार किया था और वह इन दिनों 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में हैं।

# प्रियंका की भविष्यवाणी हुई सच, मंडली के इस कंटेस्टेंट ने घोपा दोस्त की पीठ पर छुरा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस को शुरू हुए तीन महीने हो चुके हैं। इस शो की बढ़ती टीआरपी को देखते हुए चैनल की तरफ से सलमान खान के इस विवादित शो को 1 महीने का एक्सटेंशन मिल गया है। अंकित गुप्ता और विकास की मंडली को लेकर भविष्यवाणी करते हुए नजर आए थे। इस शो में जहां प्रियंका की पलटन से एक-एक करके कंटेस्टेंट कम हो रहे हैं, तो वही दूसरी तरफ साजिद खान की मंडली से हर कंटेस्टेंट हफ्ते दर हफ्ते सुरक्षित हो जाता है। हाल ही में प्रियंका चहर चौधरी अलग अंदाज में किया। इस टास्क में शिव ने अपनी ही टीम की मेंबर सुम्बुल को नॉमिनेट कर दिया, तो वही सुम्बुल को बचाने के चक्कर में निमृत कौर अहलूवालिया ने मंडली के मास्टरमाइंड मानें जाने वाले साजिद खान को नॉमिनेशन में डाल दिया। निमृत के ऐसा करने



से साजिद खान थोड़े उखड़े-उखड़े दिखाई दिए। हालांकि वह निमृत को ये कहते हुए नजर आए कि उन्हें नॉमिनेशन से कोई फर्क नहीं पड़ता, जिसे जो उखाड़ना है उखाड़ ले'। बिग बॉस के घर में हाल ही में हर सोमवार की तरह इस वीक भी नॉमिनेशन टास्क हुआ। इस टास्क में सभी घरवाले एक-दूसरे पर निशाना साधते हुए नजर आए। नॉमिनेशन के इस टास्क को बिग बॉस ने हर वीक की तरह ही थोड़े अलग अंदाज में किया। इस टास्क में शिव ने अपनी ही टीम की मेंबर सुम्बुल को नॉमिनेट कर दिया,

मानकतला के एविक्शन के बाद अब भी शो में 11 से 12 कंटेस्टेंट बाकी हैं। इस शो में जहां प्रियंका की पलटन से एक-एक करके कंटेस्टेंट कम हो रहे हैं, तो वही दूसरी तरफ साजिद खान की मंडली से हर कंटेस्टेंट हफ्ते दर हफ्ते सुरक्षित हो जाता है। हाल ही में प्रियंका चहर चौधरी टीना के साथ बैठे हुए साजिद और शिव टीना के साथ बैठे हुए साजिद और शिव की मंडली को लेकर भविष्यवाणी करते हुए नजर आए थे। बिग बॉस के घर में हाल ही में हर सोमवार की तरह इस वीक भी नॉमिनेशन टास्क हुआ। इस टास्क में सभी घरवाले एक-दूसरे पर निशाना साधते हुए नजर आए। नॉमिनेशन के इस टास्क को बिग बॉस ने हर वीक की तरह ही थोड़े तो वही सुम्बुल को बचाने के चक्कर में निमृत कौर अहलूवालिया ने मंडली के मास्टरमाइंड मानें जाने वाले साजिद खान को नॉमिनेशन में डाल दिया। निमृत के ऐसा करने से साजिद खान थोड़े उखड़े-उखड़े दिखाई दिए। हालांकि वह निमृत को ये कहते हुए नजर आए कि उन्हें नॉमिनेशन से कोई फर्क नहीं पड़ता, जिसे जो उखाड़ना है उखाड़ ले'।

# अजय देवगन और रोहित ने शुरू कीं सिंघम अगेन की तैयारियां, कहा 11वीं ब्लॉकबस्टर फिल्म होगी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सिंघम, गोलमाल फ्रेंचाइजी जैसी फिल्मों में साथ कर चुके अजय देवगन और रोहित शेट्टी बीते दिनों से सिंघम फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म को लेकर चर्चा का केंद्र बने हुए थे। अब अजय देवगन हुए बताया कि वह सिंघम अगेन में नजर आने वाले हैं। उन्होंने सोमवार को अपने ट्विटर हैंडल पर इस जानकारी को शेयर कर लिखा, रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन का नरेशन सुनकर नए साल की अच्छी शुरुआत की। भगवान ने चाहा तो



ने अपनी इस फिल्म के बारे में जानकारी दी है और बताया कि ये उनकी 11वीं ब्लॉकबस्टर फिल्म बनने जा रही है। अजय देवगन ने अपने चाहने वालों को नए साल का तोहफा देते हुए अपने ट्विटर हैंडल पर रोहित शेट्टी के साथ तस्वीर साझा कर जानकारी साझा करते यह हमारी 11वीं ब्लॉकबस्टर फिल्म होगी। वहीं, अजय देवगन द्वारा शेयर इस जानकारी के बाद उनके फैंस फुले नहीं समां रहे है और बेहद उत्साहित हैं।आपको बता दें, साल 2011 में आई सिंघम फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म सिंघम में अजय देवगन ने एक पुलिस अधिकारी बाजीराव सिंघम का मुख्य किरदार निभाया है, जो एक भ्रष्ट राजनेता जयकांत शिकरे को सबक सिखाने का फैसला करता है। वहीं, साल 2014 में सिंघम का सीक्वल सिंघम रिटर्न्स रिलीज हुई थी, जो फैंस को काफी पसंद आई। इस फिल्म में अजय देवगन अपनी टीम के एक अधिकारी की मौत की जांच करते हैं, जब ही वो हाई प्रोफाइल राजनेताओं से संबंध रखने वाले के बाबूजी से मौत के कनेक्शन का पता लगाते हैं। बात अगर उनके वर्कफ्रंट की करें तो वो इन दिनों भोला की तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस फिल्म में वो एक कैद की भूमिका में निभा रहे हैं, जो जेल से रिहा होने के बाद एक अनाथालय में अपनी बेटी से मिलने जा रहा है, लेकिन वो पुलिस पर आई एक बड़ी मुसीबत के चलते अपनी बेटी से नहीं मिल पाता। अजय देवगन की भोला साउथ की हिट फिल्म कैथी का रीमेक है। अजय देवगन अभिनीत और निर्देशित ये फिल्म अगले साल 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा अभिनेता मैदान और चाणक्य जैसी फिल्मों में भी नजर आने वाले हैं। उन्हें आखिरी बार बीते महीने रिलीज हुई क्राइम थ्रिलर फिल्म दृश्यम 2 में देखा गया है।

# सुजैन खान ने ब्वॉयफ्रेंड अर्सलान गोनी संग मनाया न्यू ईयर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ऋतिक रोशन की एक्स वाइफ और फेमस इंटीरियर डिजाइनर सुजैन खान काफी समय से एक्टर अर्सलान गोनी को डेट कर रही हैं। ये कपल खुल्लम खुल्ला अपने प्यार को इजहार करते नजर आता है। इस



बार भी कुछ ऐसा ही हुआ है। हाल ही में सुजैन ने ब्वॉयफ्रेंड के साथ नए साल का जश्न मनाया। दरअसल, सुजैन खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमे वह अर्सलान गोनी के साथ नजर आ रही है। सुजैन ने इंडोर लोकेशन पर अर्सलान के साथ सेल्फी लेती दिखाई दे रही हैं। इस क्लिप में कैमरे के लिए पोज देते हुए सुजैन सोफे पर बैठी भी नजर आ रही हैं। दूसरी फोटो में अर्सलान सोफे पर आराम फरमाते दिखाई दिए। कैप्शन में उन्होंने लिखा- '2.1.2023 की खुशियों के साथ नई शुरुआत।चंकी पांडे की पत्नी भावना पांडे ने कमेंट वीडियो पर कमेंट किया- नया साल मुबारक हो। डिजाइनर फराह खान अली ने लिखा, 'आप दोनों को प्यार।' इनको रिप्लाई देते हुए अर्सलान ने उन्हें गले मिलने वाला इमोडी ड्रॉप किया।बर्थडे पर अर्सलान संग शेयर किया था रोमांटिक वीडियो दिसंबर में सुजैन खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अर्सलान संग एक रोमांटिक वीडियो शेयर किया था। उन्होंने कैप्शन में लिखा- हैप्पी हैप्पियस्ट बर्थडे माए लव। तुम एक बहुत बेहतरीन इंसान हो। तुम मेरे प्यार की परिभाषा हो और हम इसे जिंदगीभर ऐसे ही बनाए रखेंगे। इसके अलावा उन्होंने इस पोस्ट पर खूब सारे प्यार और नजर वाले इमोजी बनाई है।खबरों के मुताबिक सुजैन खान और अर्सलान गोनी की मुलाकात एक कॉमन दोस्त के जरिए हुई थी।

# मैंने गांधी से माफी मांगने के लिए बनाई 'हे राम' वीडियो में बोले कमल हासन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** साउथ से लेकर हिंदी सिनेमा में खास पहचान बनाने वाले अभिनेता कमल हासन राहुल गांधी के इंटरव्यू को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जहां अभिनेता ने खुलासा किया कि उन्होंने अपनी



फिल्म हे राम के जरिए महत्मा गांधी से माफी मांगी। इस इंटरव्यू को कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। कमल हासन ने मांगी माफी इस यूट्यूब वीडियो में की शुरुआत में कमल हासन कहते हैं कि मैं अब गांधी जी के बारे में बहुत बात करता हूं, लेकिन मैं अपनी किशोरावस्था में गांधी का मुखर आलोचक था। तब मेरे पिता ने मुझे सलाह दी कि तुम जरा इतिहास पढ़ो और इसके बाद मेरी सोच बदल गई। वहीं, अभिनेता ने आगे कहा, जब मैं 24-25 साल का था, तब मैंने गांधी जी को खोजना शुरू किया और फिर हे राम फिल्म बनाई, जिसके जरिए मैंने महत्मा गांधी से माफी मांगी थी। जिसमें मैंने एक हत्यारे की भूमिका निभाई थी। मैं आज भी उनका बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। आपको बता दें कि कमल हासन ने साल 2000 में रिलीज हुई फिल्म हे राम में नाथूराम गोडसे की भूमिका निभाई थी, जबकि नसीरुद्दीन शाह ने महात्मा गांधी की भूमिका निभाई है। इस फिल्म की कहानी गांधी जी की हत्या पर बेस्ड हैं। बता दें कि इस फिल्म में कलम हासन और नसीरुद्दीन शाह के अलावा शाह रुख खान ने भी अहम किरदार निभाया है। जानकारी के अनुसार, उनकी इस फिल्म ने 47वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में तीन अवार्ड अपने नाम किए थे और इस फिल्म को भारत की ओर से ऑस्कर में ऑफिशियल एंट्री के तौर पर पेश किया गया था, लेकिन हे राम को नॉमिनेट नहीं किया जा सका। बात अगर उनके वर्कफ्रंट की करें तो उन्होंने बीते साल रिलीज हुई लोकेश कनगराज की एक्शन थ्रिलर फिल्म विक्रम से पर्दे पर वापसी की है। उनकी इस फिल्म ने हिंदी बेल्ट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की थी। इसके अलावा वह इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म इंडियन 2 की तैयारियां में जुटे हुए हैं।

# लव टुडे के हिंदी रीमेक पर बोनी कपूर ने दी प्रतिक्रिया अफवाहों पर लगाया विराम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बीते दिनों से सोशल मीडिया पर अफवाह थी कि बॉलीवुड के दिग्गज फिल्म निर्माता और निर्देशक बोनी कपूर तमिल हिट फिल्म लव टुडे के हिंदी रीमेक के राइट्स को प्राप्त कर लिया है, लेकिन अब खुद फिल्म निर्माता ने हैं।तमिल भाषा में रिलीज हुई ये फिल्म एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। जिसका निर्देशन प्रदीप रंगनाथन ने किया है। इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म की कहानी एक 24 वर्षीय इंजीनियर और एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर निकिता के रोमांटिक रिश्ते पर




ऐसी सभी अटकलों पर विराम लगा दिया है। फर्जी हैं लव टुडे के रीमेक की खबरें सोमवार को फिल्म निर्माता ने लव टुडे के हिंदी रीमेक की अफवाहों को खारिज करते हुए ट्विटर पर लिखा, कृपया ध्यान दें कि मैंने लव टुडे के रीमेक राइट्स को हासिल नहीं किए हैं। सोशल मीडिया पर इस तरह की सभी खबरें निराधार और फर्जी बेस्ड है, जोकि एक रूढ़िवादी ब्राह्मण वकील वेणु शास्त्री की बेटी है। जो अपनी बेटी की शादी के रिश्ते की बात करते हुए उनके फोन को बदलने की शर्त रखता है। तमिल भाषा में मिली इस फिल्म को शानदार सफलता के बाद लव टुडे को तेलुगु में डब कर रिलीज किया गया था।

# सिद्धार्थ से शाहिद और उर्मिला से सारा तक इस साल ओटीटी पर उतरेगा पूरा बॉलीवुड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 2018 में जब नेटफ्लिक्स की भारत में पहली वेब सीरीज सेक्रेड गेम्स आयी थी तो सैफ अली खान के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उतरने की खूब चर्चा हुई थी। इससे पहले 2017 विवेक ओबेरॉय प्राइम वीडियो की भारत में पहली वेब सीरीज इनसाइड ऐज के जरिए भी वेब सीरीज डेब्यू इस साल करने वाली हैं। आइए, आपको बताते हैं कि साल 2023 में कौन-कौन ओटीटी पर अपना खाता खोल रहा है।रोहित शेट्टी अपना कॉप यूनिवर्स ओटीटी स्पेस में ला रहे हैं। उनकी पहली बेव सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स से सिद्धार्थ मल्होत्रा ओटीटी इनिंग शुरू कर रहे हैं। इस शो में की शूटिंग जनवरी से शुरू होने की बात कही गयी थी। यह रूसो ब्रदर्स के सिटेडल यूनिवर्स का हिस्सा होगी। राज एंड डीके निर्देशित सीरीज फर्जी से शाहिद कपूर ओटीटी पर उतर रहे हैं। यह सीरीज जाली नोटों और ब्लैक मनी के इशू को दिखाएगी। सीरीज का जॉनर डार्क ह्यूमर है। इस सीरीज



ओटीटी पारी शुरू कर चुके थे। इन पांच-छह सालों में भारत का ओटीटी स्पेस इतना फैल चुका है कि 2023 में तकरीबन पूरा बॉलीवुड ओटीटी पर नजर आएगा। इस साल जो बॉलीवुड कलाकार ओटीटी पर उतरेंगे, उनमें सैफ की बेटी सारा अली खान और पत्नी करीना कपूर खान भी शामिल हैं। वहीं, काजोल सिद्धार्थ का साथ देंगे विवेक ओबेरॉय और शिल्पा शेट्टी। तीनों कलाकार पुलिस अफसरों के रोल में दिखेंगे। कुछ दिनों पहले ही प्राइम वीडियो ने एलान किया था कि वरुण धवन उनकी स्पाइ सीरीज में लीड रोल निभाएंगे। वरुण का यह ओटीटी डेब्यू है। राज एंड डीके सीरीज के कर्ता-धर्ता हैं। सीरीज में विजय सेतुपति, केके मेनन और राशि खन्ना भी नजर आएंगी। इस सीरीज का निर्माण भी प्राइम वीडियो की ओर से किया जा रहा है। आदित्य रॉय कपूर द नाइट मैनेजर के हिंदी रीमेक से ओटीटी डेब्यू कर रहे हैं। ओरिजिनल सीरीज में टॉम हिडल्टन ने लीड रोल निभाया था। इस सीरीज में अनिल कपूर और शोभिता धुलिपाला अहम भूमिकाओं में दिखेंगे। राज एंड डीके क्रिएटेड क्राइम कॉमेडी थ्रिलर सीरीज गंस एंड गुलाब्स से दुल्कर सलमान ओटीटी डेब्यू कर रहे हैं। इस सीरीज में राजकुमार राव और आदर्श गौरव भी मुख्य स्टार कास्ट का हिस्सा हैं। सीरीज का लेखन सीता मेनन और राज-डीके ने किया है। सारा पीरियड वेब सीरीज ऐ वतन मेरे वतन से ओटीटी पारी शुरू करने जा रही हैं। इसकी कहानी 1942 में सेट है और सारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रोल में दिखेंगी। करण जौर सीरीज के निर्माता हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

**नोटः**- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।